● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 191, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 23 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



जम्मू काश्मीर में फिर हुई राम माधव की वापसी 5

रोहित को मिला क्रिकेटर आफ ईयर का अवार्ड 6

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने 37 करोड़ 67 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का कारवां देश एवं प्रदेश में चल रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है। हमारे प्रयास है कि हम अगले 5 वर्षों में इसे 7 लाख करोड़ रूपये तक ले जाएंगे। हमारा संकल्प देश और प्रदेश को नंबर एक बनाना है। इनहोंने कहा कि श्योपुर-विजयपुर-कराहल क्षेत्र प्राकृतिक दृश्य अत्यंत समृद्ध है, परंतु विकास में अभी तक पिछड़ा हुआ था, अब हम इसे पीछे नहीं रहने देंगे। जनजातीय क्षेत्रों के विकास में भी कोई कमी नहीं रखी जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज श्योपुर जिले के कराहल में तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 30 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2023 की 115 करोड़ रूपये की बोनस राशि का वितरण किया। इसी के साथ उन्होंने 37 करोड़ 67 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण /भूमि पूजन किया, जिनमें 21 करोड़ 28 लाख रुपए के लोकार्पण एवं 16 करोड़ 39 लाख रुपए के शिलान्यास शामिल हैं। उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार अनुसूचित जनजातियों के विकास और में कल्याण में कोई कमी नहीं रखेगी। आज तेंदूपत्ता संग्राहकों में लगभग 50त्न अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग शामिल हैं। ये लघु वनोपजों पर ही अपना जीवन यापन करते हैं। इन्हें वनोपज का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2007 तक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 750 रुपए प्रति मानक बोरा दिए जाते थे, जिसे बढ़ाकर अब 4000 रूपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है। आज प्रदेश के 30 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों के 13 लाख परिवारों को 953 रूपये प्रति मानक बोरा की दर से बोनस का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल ग्वालियर सर्कल में ही 2 करोड़ से अधिक रुपए का बोनस बांटा जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के शुद्ध लाभ को 50त्न से बढ़कर 75त्न किया गया है। प्रदेश में 500 बोरा तक संग्रहण वाली वनोपज समितियां के प्रबंधकों का मानदेय 13000 रूपये से बढ़ाकर 14000 रूपये तथा 500 से 2000 प्रति मानक बोरा तक संग्रहण वाली समितियां के प्रबंधकों के मानदेय को बढ़ाकर 15000 रुपए और जिन समितियों द्वारा 2000 मानक बोरे से अधिक का तेन्दूपत्ता संग्रहण किया जा रहा है उनके प्रबंधकों का मानदेय 15000 रूपये से बढ़ाकर 16000 रूपये प्रतिमाह किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिति प्रबंधको के परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति और एक लाख उपादान की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण से रोजगार के अवसरों को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। हर संभाग में निवेशकों की बैठक आयोजित की जा रही है। गत दिनों प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख करोड़ के निवेश को मंजूरी मिली है।

## यूक्रेन संकट में पोलैंड ने दिखाई उदारता: पीएम

### पोलैंड में बोले पीएम मोदी- हमारे संबंध बेहतर हो रहे हैं

**वॉरसॉ।** पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ साझा प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वहीं पोलैंड के पीएम के संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी कहा- मैं प्रधानमंत्री टस्क के इस सुंदर शहर वारसॉ में उनके शब्दों और गर्मजोशी से भरे स्वागत के लिए उनका बहुत आभारी हूं। भारत-पोलैंड मैत्री को मजबूत करने के लिए आपके अमूल्य प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं। मैं आपके योगदान के लिए तहे दिल से आपका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड टस्क से कहा आप लंबे समय से भारत के अच्छे मित्र रहे हैं। भारत और पोलैंड की मित्रता को मजबूत करने में आपका बहुत बड़ा योगदान है।

पीएम ने अपने संबोधन में कहा आज 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड का



दौरा किया है। मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे ये सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर मैं पोलैंड की सरकार और यहां के लोगों का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। 2022 में यूक्रेन संकट के दौरान फंसे हुए भारतीय छात्रों को निकालने के लिए आपने जो उदारता दिखाई, उसे हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते हैं।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा आज का दिन भारत और पोलैंड के संबंधों में विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। भारत और पोलैंड के संबंध लोकतंत्र और कानून का राज जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। भारत और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी करीबी तालमेल के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। हम दोनों सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिफॉर्म वर्तमान समय की मांग है।

वहीं इससे पहले वारसॉ में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने साझा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा,आज का दिन हमारे दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हम अपने देशों के बीच रणनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की मेजबानी कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है।

## बीजेपी ने स्वास्थ्य भवन तक निकाला विरोध मार्च

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बंगाल भाजपा पीड़िता के लिए न्याय और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा लड़ाई लड़ रही है। न्याय होना चाहिए और मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आज कोलकाता के पूर्वी इलाके में मार्च निकाला। भाजपा ने दोपहर को हुडको क्रॉसिंग से स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाला। स्वास्थ्य भवन साल्ट लेक में स्थित है और यह राज्य के स्वास्थ्य विभाग का मुख्यालय है।

पार्टी नेता दिलीप घोष ने कहा, ''हम चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए और न्याय मिले। राज्य सरकार और राज्य स्वास्थ्य विभाग सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग और आर जी कर अस्पताल ने सबूत मिटाने की कोशिश की है।''

मार्च के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ''हमें न्याय चाहिए'' के नारे लगाए और एक साथ मार्च किया। भाजपा की राज्य इकाई के शीर्ष नेताओं ने मार्च का नेतृत्व किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को स्वास्थ्य भवन तक मार्च करने से रोकने के लिए साल्ट लेक में इंदिरा भवन के पास बैरिकेड्स लगा दिए थे। महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और विधायक अग्निमित्रा पॉल सहित भाजपा नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। इससे पहले पॉल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, हमारी केवल एक ही मांग है कि ममता बनर्जी पद से इस्तीफा दें।

## एमपी में इसी महीने होगी 1800 से अधिक डॉक्टरों की पोस्टिंग

**भोपाल।** प्रदेश में बांडेड डॉक्टरों की पदस्थापना के लिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस वर्ष से नई व्यवस्था शुरू की है। एमपी ऑनलाइन की जगह अब विभाग द्वारा तैयार पोर्टल के माध्यम से उनकी पदस्थापना की जाएगी। डॉक्टरों को विभिन्न जिलों के 30 अस्पतालों का विकल्प पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। अपनी वरीयता के अनुसार सभी 30 विकल्प चुनना होगा।

## 33 साइंटिस्ट्स को मिले राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

### बायोकेमिस्ट गोविंदाराजन पद्मनाभन को विज्ञान रत्न, इसरो चंद्रयान टीम को विज्ञान टीम अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज 22 अगस्त को 33 लोगों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया। ये सेरेमनी राष्ट्रपति भवन में हुई। बायोकेमिस्ट गोविंदाराजन पद्मनाभन को साइंस के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान रत्न अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा इसरो की चंद्रयान टीम को विज्ञान टीम अवॉर्ड से नवाजा गया।

33 अवॉर्ड विजेताओं की लिस्ट में 18 युवा वैज्ञानिकों के लिए विज्ञान युवा शांति स्वरूप



भटनागर अवॉर्ड और 13 विज्ञान श्री अवॉर्ड शामिल हैं। विज्ञान रत्न' विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आजीवन उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया, जबकि 'विज्ञान श्री' विशिष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया। सरकार ने पद्म पुरुस्कार की तर्ज पर देश में सभी विज्ञान अवॉर्ड को शुरू करते हुए जनवरी में नेशनल साइंस अवॉर्ड की शुरुआत की थी, जहां अवॉर्ड विजेताओं को एक पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। पहले के साइंस अवॉर्ड से अलग , नेशनल साइंस अवॉर्ड में कैश नहीं दिया जाता है। आनंदरामकृष्णन सी, उमेश वार्ष्णेय, भीम सिंह, आदिमूर्ति आदि, सैयद वजीह अहमद नकवी, संजय बिहारी और राहुल मुखर्जी विज्ञान श्री पुरस्कार के लिए चुने गए लोगों में शामिल हैं।

## अलकायदा के 14 आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत में आतंकी संगठन अलकायदा के बड़े नेटवर्क का पता चला है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और राजस्थान तथा यूपी एसटीएफ ने मिलकर अलग-अलग स्थानों से अलकायदा के 14 आतंकियों को पकड़ा है। आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ है। राजस्थान के भिवाड़ी से 6 आतंकी पकड़े गए हैं, जबकि झारखंड और यूपी से आठ आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने बताया कि अल कायदा मॉड्यूल से जुड़े 14 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, सीबीआई ने कहा-सबूतों से छेड़छाड़ हुई

### एम्स डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 9 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में आज (22 अगस्त) सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसके बाद एम्स के डॉक्टरों ने 11 दिन से चल रही हड़ताल खत्म कर दी है।

इससे पहले सीजेआई ने कहा था कि डॉक्टर काम पर लौट आएं। अस्पतालों की स्थिति जानता हूं। मैं खुद एक सरकारी अस्पताल के फर्श पर सोया हूं, जब मेरे परिवार का एक सदस्य बीमार था। सीजेआई ने कहा कि हमें बताया गया कि डॉक्टर काम पर वापस जाने के लिए तैयार हैं। राज्य सरकारें डॉक्टरों के लिए कुछ सुरक्षा इंतजाम कर सकती हैं। हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय निर्देश देते हैं कि वे राज्य के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ मिलकर सुरक्षा सुनिश्चित करें। यह एक्सरसाइज 1 हफ्ते में पूरी हो जानी चाहिए। राज्य 2 हफ्ते के अंदर इसे लागू करें। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट में कहा- क्राइम सीन से छेड़छाड़ हुई है। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा- कोलकाता पुलिस की भूमिका पर संदेह है।

## जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और एनसी में गठबंधन

### फारुक अब्दुल्ला ने कहा-सीटों का बंटवारा बाद में होगा, राहुल बोले-हमने मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ा

**श्रीनगर।** कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। गुरुवार, 22 अगस्त को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने इसका ऐलान किया।

उन्होंने कहा, राज्य की सभी 90 सीटों पर दोनों दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे। सीटों को आज रात तक फाइनल कर लिया जाएगा। हमें उम्मीद है कि हम फिर से सत्ता में आएंगे। हमारे दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने श्रीनगर में



पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व करना और इसे वापस राज्य का दर्जा दिलाना सबसे जरूरी है। यहां से मेरा खून का रिश्ता है। ऐसे में उम्मीद है कि चुनाव में लोग हमारा साथ जरूर देंगे। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ दिया है। अब उनकी छाती 56 इंच की नहीं रही। वे कंधे झुकाकर चलते हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव में गठबंधन तभी होगा जब कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर हम जम्मू-कश्मीर चुनाव जीतेंगे तो सारा हिंदुस्तान हमारे कब्जे में आएगा। राहुल और खड़गे दो दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। दोनों नेता 21 अगस्त की शाम श्रीनगर पहुंचे। दूसरे दिन दोनों नेता कार्यकर्ताओं से मिले। हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है।

## 5 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, जन्माष्टमी से पहले यूपी-एमपी में होंगे बाढ़ जैसे हालात

**नई दिल्ली।** ब्रेक के बाद देश के बड़े हिस्से में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत 5 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कुल मिलाकर कृष्ण जन्माष्टमी (26 अगस्त) का त्योहार भारी बारिश के बीच मनाया जाएगा। मौसम विभाग ने नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और असम में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बाढ़ जैसे हालात के बीच त्रिपुरा के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मध्य भारत की बात करें तो मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर चार अन्य मौसम प्रणालियां भी सक्रिय हैं। इसके कारण ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर, उज्जैन और इंदौर संभाग में भारी बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग ने 28 अगस्त तक मध्य प्रदेश में भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। छत्तीसगढ़ में भी 25 अगस्त तक और महाराष्ट्र में 27 अगस्त तक बारिश होगी। गोवा और गुजरात में भी आने वाले दिनों में भारी बारिश का अलर्ट किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड में हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## एअर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की मुंबई से तिरुवनंतपुरम जा रही फ्लाइट 657 में बम की धमकी मिली है। विमान तिरुवनंतपुरम पहुंच चुका था। तभी पायलट ने बम की सूचना दी। फ्लाइट में 135 पैसेंजर्स सवार थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित की गई है। फ्लाइट को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। जांच जारी है। यरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी यात्री सुरक्षित हैं और उनके सामान की जांच की जा रही है। अथॉरिटी की ओर से यह भी कहा गया है कि फिलहाल चिंता की कोई बात सामने नहीं आई है। पिछले 3 महीने में फ्लाइट में बम की धमकी का यह छठवां केस है।

## बच्चियों को भी नहीं बख्शा जा रहा, यह कैसी स्थिति, स्कूल प्रशासन पर पॉक्सो में केस दर्ज हो: हाईकोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो बच्चियों से यौन शोषण मामले पर बॉम्बे हाईकोर्ट में गुरुवार (22 अगस्त) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अब 4 साल की बच्चियों को भी नहीं बख्शा जा रहा। यह कैसी स्थिति है। कोर्ट ने कहा कि अगर स्कूल ही सेफ नहीं है तो शिक्षा के अधिकार और बाकी चीजों की बात करने का क्या मतलब। हाईकोर्ट ने मामले की जानकारी छिपाने के आरोप में स्कूल प्रशासन के खिलाफ पॉक्सो के तहत केस दर्ज करने को कहा है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच ने सरकार से केस डायरी और एफआईआर की कॉपी भी मांगी है। एडवोकेट जनरल बीरेंद्र सराफ ने कोर्ट में सरकार का पक्ष रखा। मंगलवार (27 अगस्त) को मामले की अगली सुनवाई होगी। बदलापुर के आदर्श स्कूल में 12 और 13 अगस्त को 23 साल के सफाई कर्मी अक्षय शिंदे ने किंडरगार्टन में पढ़ने वाली 3 और 4 साल की दो बच्चियों का यौन शोषण किया था। कोर्ट ने बुधवार (21 अगस्त) को मामले पर खुद संज्ञान लिया था। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या बच्चियों ने स्कूल प्रशासन से यौन शोषण की शिकायत की थी। सरकार ने कहा-हां। कोर्ट ने पूछा कि क्या पुलिस ने स्कूल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पॉक्सो के तहत, घटना की जानकारी छिपाने पर स्कूल प्रशासन को भी आरोपी बनाने का प्रावधान है। सरकार ने कहा कि एसआईटी का गठन किया गया है। अब केस दर्ज किया जाएगा। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्ची के पेरेंट ने जैसे ही एफआईआर दर्ज कराई, आपको स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करना चाहिए था।

## एमपी कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी को लेकर घमासान जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस को विधानसभा में मिली हार के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए जीतू पटवारी नई कार्यकारिणी बनाने के लिए लगातार मंथन कर रहे हैं। काफी समय बीत गया है, लेकिन अभी तक कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। लगातार प्रदेश और दिल्ली में हुई बैठक के बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि अगस्त माह में ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी लेकिन अब ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। कार्यकारणी के लिए कार्यकर्ताओं को अभी इंतजार करना होगा।

दरअसल, कार्यकारिणी गठन को लेकर गुरुवार को भोपाल पहुंचे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि काम करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी।





जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के नामों पर विचार किया जा रहा है। पूरे समय पार्टी के लिए काम करने वालों को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी। प्रदेश प्रभारी ने पुरानी कार्यकारिणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले की कार्यकारिणी में एक हजार पदाधिकारी शामिल थे। सिर्फ पद लेकर घर पर बैठे थे, अब सिर्फ काम करने वालों को जिम्मेदारी मिलेगी। इधर, कमलनाथ और नकुलनाथ के इशारे पर छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिले की कार्यकारणी भंग कर दी गई है। जानकारी के अनुसार इसकी जानकारी पीसीसी चीफ को नहीं दी गई है। इसे लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

इधर, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को जानकारी दिए बिना छिंदवाड़ा कार्यकारिणी भंग की गई है। छिंदवाड़ा कांग्रेस ने कार्यकारिणी को एक दिन पहले भंग करने का प्रेस नोट जारी किया है। प्रेस नोट में कमलनाथ और नकुलनाथ के चर्चा के बाद कार्यकारिणी भंग करने का जिक्र है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का प्रेस नोट में कोई जिक्र नहीं है। दरअसल, जीतू पटवारी के अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी की गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। पटवारी के आने के बाद अब तक आधा दर्जन पूर्व मंत्री और तीन कांग्रेस विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उसे अध्यक्ष के रूप में अब तक स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। जारी प्रेस नोट में लिखा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ से चर्चा के उपरांत कांग्रेस की समस्त कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। आगामी दिनों में जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। छिंदवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे व पांढुर्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा व पांढुर्ना की जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी, पर्यवेक्षक, प्रभारी, चारों मोर्चा संगठन की कार्यकारिणी, समस्त प्रकोष्ठों व विभाग को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। दोनों ही जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने बताया कि नगर, गांव व कस्बों से लेकर जिला मुख्यालय तक जल्द ही कांग्रेस की नई टीम तैयार होगी। आगामी दिनों में जिला छिंदवाड़ा व जिला पांढुर्ना की सशक्त व ऊर्जावान टीम मैदान में नजर आएगी।

# जिले में कबाड़ियों के आंतक से दहशत में लोग

**परियोजनाओ से रोजाना लाखों का कबाड़ हो रहा पार, बच्चे भी फंस रहें हैं कबाड़ियों के जाल में, जिम्मेदार मौन**

**सिंगरौली।** जिले में कबाड़ियों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि रोजाना परियोजनाओं से लाखों रुपए का बहुमूल्य पार्ट्स लोहा सहित अन्य चीजें पार कर दे रहे हैं। इस कबाड़ के कारोबार में स्थानीय पुलिस का संरक्षण मिला हुआ है। इन कबाड़ियों की वजह से आए दिन रहवासी कॉलोनी में चोरियों भी हो रही हैं लेकिन जिले की पुलिस इन कबाड़ियों पर कार्यवाही करने की जहमत नही उठा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि हर कबाड़ियो से पुलिस की सांठगांठ है,जिस वजह से पुलिस कार्यवाही करने से कतराती है। बताया जा रहा है कि इन दिनों अवैध कबाड़ का धंधा जोरो पर है। कबाड़ के इस धंधे से चोरी और अपराध बढ़ने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीँ कबाड़ व्यवसायी कबाड़ से करोड़ों की हेराफेरी कर रहे हैं। क्षेत्र में दिनदहाड़े सार्वजनिक स्थानों से साइकिल और बाइक चोरी हो रहीं हैं। चोरी की साइकिल और बाइक के कलपुर्जे को अलग-अलग कर कबाड़ में बेच दिया जाता है। जिले के हर कोने से यहा अवैध कबाड़ लाया जा रहा है यहां तक कि बड़ी छोटी सभी गाडियों को भी काट कर कबाड़ में बेच दिया जाता है। न तो जिनके पेपर है नही जिसकी परमिशन। साथ ही यहा के कबाड़ के गोरख धंधे चलाने वाले लोहे के आकर को बडी-बडी मशीनों से छोटे आकार एंव छोटे छोटे टुकड़ों मे तब्दील कर देते है। इसके अलावा इस धंधे में लोहे के सामान व घरेलू उपयोग के सामान सहित कई कीमती सामान पानी के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीद कर करोड़ों कमाते है। कबाड़ का व्यवसाय करने के लिए स्पष्ट नीति नियम न होने से भी यह अवैध धंधा तेजी से अपने पैर पसार रहा है । छोटे कबाड़ियों को इस धंधे के लिए लाइसेंस की जरूरत नहीं होती न कोई स्टाक का हिसाब रखना पड़ता है और इसी का फायदा उठा कर कबाड़ के धंधे के मास्टरमाइंड बाहर के लोगों को लाकर क्षेत्र में कबाड़ी का व्यवसाय शुरू करा देते हैं जिसकी आड़ में जमकर चोरी के माल की खरीद बिक्री होती है और जिले की पुलिस चुपचाप तमाशबीन बनी रहती है बने भी क्यों न। क्योंकि इनका हर महीन नजराना पहुंच जा रहा है।

## कबाड़ की जद में फंस रहे बच्चे

कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं,जिनमें कबाड़ी बच्चों से चोरी के माल खरीदते हैं। वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किशोरों को चोरी करने के लिए प्रेरित करते हैं। ये किशोर प्राय:गरीब तबके के होते हैं। पारिवारिक व सामाजिक मार्गदर्शन नहीं मिलने से वे घरों के आसपास फेंके गए कचरे में से कबाड चुनते है बाद में इन बच्चों पर पारिवारिक नियंत्रण नहीं होने के कारण नशे के गिरफ्त में आ जाते है और अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए चोरी के धंधे में उतर आते हैं।

## बच्चों को अपराध की ओर धकेल रहे कबाड़ी

बताते चले कि जिले में कबाड़ियो की वजह से बच्चों का भविष्य बर्बाद होता चला जा रहा है। क्योंकि ये कबाड़ी कम उम्र के बच्चों को कबाड़ बीनने के लिए प्रेरित करते हैं फिर इनको बड़े चीजों की चोरी करने के लिए प्रलोभन देते हैं। जिससे धीरे-धीरे बच्चो अपराध की ओर खींच जाते हैं। कबाड़ियों को चोरी का लोहा बेच कर इन्हें आसानी से पैसा मिल जाता है जिससे ये धीरे-धीरे इस अपराध के अनजाने में हिस्सेदार बनते जाते हैं। हालांकि पुलिस इस धंधे पर लगाम लगाने का प्रयास करती है मगर नजीता सिफर निकलता है। अब देखना होगा कि अवैध कबाड़ियों पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है।

## कार्यवाही की उठी मांग

जिले मे सैकड़ो की संख्या में संचालित हो रहे कबाड़ व्यवसायियों की दुकानों को जांच परख कर कार्यवाही की मांग की जा रही है। प्रबुद्धजनों ने जिले में संचालित हो रहे कबाड़ दुकानों व कबाड़ियों पर नकैल कसने के लिए सिंगरौली पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया है। लोगो ने कहा है कि इन कबाड़ियों की वजह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता चला जा रहा है। अगर इन कबाड़ियों पर नकैल नही कसा गया तो जिले में अपराध बढ़ने में समय नही लगेगा।

# समाज में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला प्रशासन ने किया अदाणी फाउंडेशन को सम्मानित



**सिंगरौली।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक समारोह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की उपस्थिति में जिलाधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने अदाणी फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए गए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए शोभित प्रताप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस समारोह में देवसर के विधायक डॉ राजेन्द्र मेश्राम, सिंगरौली के विधायक रामनिवास साह, जिला पंचायत के सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, वनमण्डलाधिकारी अखिल वंसल एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि देवसर तहसील अंतर्गत गोंडबहेरा उज्जैनी और गोंडबहेरा उज्जैनी. ईस्ट परियोजना अंतर्गत गांवों में अदाणी फाउंडेशन के उल्लेखनीय योगदान के लिए दिए गए। इस सम्मान से निश्चित रूप से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में और ऊर्जा के साथ जनहित में कार्य करेंगे।

# प्रशिक्षु डॉक्टर की जघन्य हत्या के विरोध में हत्यारों को फांसी दो के नारे से गूंज उठा शहर

**सामाजिक संस्था की अगुवाई में निकली विशाल आक्रोश रैली, सौंपा ज्ञापन**

**सिंगरौली**

पश्चिम बंगाल के आर जे हॉस्पिटल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ के हुए दुष्कर्म व जघन्य हत्या के विरोध में आज सामाजिक संस्था स्पंदन के आह्वान पर समूचा नगर सड़क पर उतर पड़ा। बच्चे,बूढ़े, महिला, युवा ही नहीं मुस्लिम महिलाओं ने भी भारी संख्या में इस आक्रोश रैली में भाग लेकर इस घटना के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। सायंकाल तीन बजे सामाजिक संस्था स्पंदन की अध्यक्ष अनामिका सिंह की अगुवाई में अंबेडकर चौराहे पर स्थित बाबा साहब आंबेडकर के मूर्ति पर संस्था के सदस्यों ने माल्यार्पण कर डाक्टर मौन्मिता देवनाथ के प्रतिमा पर पुस्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया मौन्मिता के हत्यारों को फांसी दो, नारी तुम दुर्गा बनो, दरिंदों पर प्रहार करो,न्याय की गुहार है हर नारी की ललकार है,बेटी हूं खिलौना नहीं,रेप की सजा फांसी हो के नारों से से शहर वासियों ने अपनी आवाज बुलंद की। अपने हाथों में पोस्टर,बैनर, तख्ती लेकर



हजारों नौजवान और महिलाये पंक्ति बद्ध होकर अम्बेडकर चौराहे से तुलसी मार्ग होते हुए मुख्य सड़क से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां वक्ताओं ने इस जघन्य हत्या और क्रुरता के लिए हत्यारे के लिए फांसी की मांग की। इस विशाल रैली की अगुवाई कर रही स्पंदन संस्था की अध्यक्षा अनामिका सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा यह केवल बंगाल की बात नहीं है, हर राज्य में आज आए दिन बेटियों के साथ अमानवीय कृत्य हो रहे है। इन भेड़ियों का अंत होना जरूरी है। हमे राजनीति से ऊपर उठकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। इस दौरान स्पंदन फाउंडेसन की अध्यक्ष अध्यक्षा अनामिका ज्ञानेन्द्र सिंह,पूर्व महापौर रेणु साह, मदरसा आल खदीजा की संचालक रिहाना सिद्दकी, शशि प्रभा सिंह , मनोरमा शाहवाल, पुष्पा सिंह जयंत, संगीता सिंह गोंड, अर्चना पाण्डे, गीता मिश्रा,विनीता गौतम, सैकडो महिलाओं के साथ ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानु केडी सिंह, करनी सेना के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह , बबलू सिंह चौहान, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सूर्या दुवेदी सहित सैकडो की संख्या में सिंगरौली के नागरिक उपास्थि होकर अपना विरोध दर्ज किया।

# जिले में प्रस्तावित नवीन परियोजनाओं के कार्यों में प्रगति लाएं : कलेक्टर

**7 सितंबर तक अनिवार्य रूप से गोपद पुल पर आवागमन किया जाए संचालित**

**सिंगरौली।** जिले अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनों के कठिनाईयों के निराकरण के संबंध में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर के द्वारा एनएच 39 सीधी सिंगरौली सड़क के साथ-साथ गोपद पुल के प्रगति के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई। सहायक प्रबंधक एमपीआरडीसी के द्वारा बताया गया की 7 सितंबर को गोपद पुल पर आवागमन प्रारंभ कर दिया जायेगा। जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए की उक्ति कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए 7 सितम्बर तक पुल से आवागमन हर हाल में प्रारंभ कराये। साथ ही जन प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए । कलेक्टर ने धिरौली कोल ब्लॉक एवं बंधा कोल ब्लॉक के कार्य में प्रगति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के प्रगति के समीक्षा उपरान्त निर्देश दिए गए की उपखंड देवसर के तीन ग्रामों एवं चितरंगी के तीन ग्रामों का अति शीघ्र अवार्ड पारित किये जाने की कार्यवाही करे। । वहीं ढोंगा सिंचाई परियोजना एवं गोंड सिंचाई परियोजना के कार्यों की समीक्षा की गई । इसके साथ ही एनएच 135 सड़क निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गये। कलेक्टर ने संबंधित परियोजनों के अधिकारियो एवं प्रतिनिधिनों को निर्देश दिए की कार्यों में प्रगति लाए जाना सुनिश्चित करें।

# दुष्कर्म का आरोपी ज्ञानचंद गिरफ्तार

**सिंगरौली।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि आरोपी अपने घर में काम करने वाली 20 वर्षीय युवती से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने की है।

मिली जानकारी के अनुसार 19 अगस्त को 20 वर्षीय पीड़िता द्वारा थाना बैढ़न में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह 18 अगस्त को वह ग्राम गनियारी के ज्ञानचंद्र केशरी के यहां घरेलू काम व खाना बनाने गई थी। ज्ञानचंद्र केशरी की पत्नी मायके गई हुई थी। घर में ज्ञानचंद्र केशरी के अलावा अन्य कोई व्यक्ति नही था। खाना बनाने के बाद जैसे ही वह अपने घर जाने लगी तभी ज्ञानचंद्र केशरी सब्जी काटने वाली चाकू दिखाकर जबरन उसके साथ गलत काम बलात्कार किया व घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीडिता की रिपोर्ट पर थाना वैढ़न में धारा 64(1),351(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी ज्ञानचंद्र केशरी की पता तलाश की गई। जो कायमी दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जहां न्यायालय से जेल



भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार,उनि रूपा अग्निहोत्री, उनि केपी सिंह,सउनि सजीत सिंह,प्रआर जीतेन्द्र सिंह सेंगर,आर अभिमन्यु उपाध्याय,दुम्मन पन्द्रे की भूमिका रही।

**18 को पुलिस ने दर्ज नही किया मामला**

पीड़िता के अनुसार दुष्कर्म के बाद आरोपी दुकान संचालक ने उसके पति से ही उसके कमरे पर छोड़ने भेजा। जहाँ पीड़िता ने दुष्कर्म की घटना को पति के साथ साझा किया और उसके बाद रिपोर्ट लिखवाने कोतवाली गए जहाँ पुलिस ने रिपोर्ट तो नहीं लिखा बल्कि आरोपी को बचाने व मामले को दबाने पीड़िता को पुरे दिन कोतवाली मे बैठाये रखा और पीड़िता पर रेप केस के स्थान पर दूसरे मामले का आरोप लिखवाने का दबाव दिया गयाण् पुलिस चंगुल फंसी पीड़िता ने जब पुलिस के बताये अनुसार आवेदन लिखा तब जाकर उसे रात 11बजे छोड़ा गया।

**पूर्व ननि अध्यक्ष व मीडिया के हस्तक्षेप के बाद 19 को दर्ज हुआ मामला**

जानकारी के अनुसार पीड़िता नगर पालिक निगम सिंगरौली के एक पूर्व अध्यक्ष के पास पहुंची। जहाँ अध्यक्ष ने एसपी सिंगरौली से बात किया। इधर मीडिया का भी पीड़िता को साथ मिला, जिसके बाद कोतवाली पुलिस दबाव मे आई और काफी जद्दोजहद के बाद 19 अगस्त को आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामला दर्ज होने की खबर के बाद आरोपी दो दो तीन दिन तक पुलिस को चकमा देता रहा। जिसे पुलिस ने आज दबोच लिया और न्यायालय मे पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा



**सिंगरौली।** राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत चल रहे अभियान निर्धारित विंदुओ का पूर्ण रूप से पालन करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाए तथा नक्शा तरमीम एवं ई केवाईसी के कार्यों में प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व महा अभियान 2.0 के प्रगति समीक्षा उपरान्त कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की राजस्व महाअभियान के तहत निर्धारित की किये गये विंदुओ के तहत कार्य पूर्ण किए जाएं ।

# डॉ. अनामिका राष्ट्रीय स्तर पर यंग साइंटिस्ट सहित दो अन्य अवार्ड से सम्मानित

**सिंगरौली।** भारतीय पशु चिकित्सा संघ 96/1967 और सैफी वेटमेड इंडिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अयोजित प्रतियोगिता वेटिको क्वीन ऑफ इंडिया 2024 सीजन एक दिनांक 17 अगस्त को लखनऊ में सिंगरौली जिले के ब्लॉक देवसर में ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी और पशु चिकित्सालय माडा में पशु चिकित्सा सहायक सर्जन के पद पर पदस्थ डॉ. अनामिका विश्वकर्मा जो कि रीवा जिले की रहने वाली हैं को राष्ट्रीय स्तर पर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



उनको मध्य प्रदेश वेटिको क्वीन ऑफ इंडिया 2024, मिसेज टैलेंटेड वेटिको क्वीन ऑफ इंडिया 2024 अवार्ड और वेट आइकन अवार्ड्स 2024 द्वारा यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. निधि रावत द्वारा किया गया।

# उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव ने ग्रहण किया चितरंगी थाना का प्रभार

**अवैध कार्यों पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता**

**सिंगरौली**

गुरुवार को उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव ने चितरंगी थाने का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपने थाने के बल के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी कि हर तरह के अपराध पर अंकुश लगाया जाए। गौरतलब है की आईजी एम एस सिकरवार के सिंगरौली प्रवास पर उनके द्वारा चितरंगी थाने का औचक निरीक्षण



किया था। जहां अभिलेखों समेत कई कार्यों में कमी पाए जाने के कारण निरीक्षक शेषमणि पटेल को तत्काल लाइन अटैच कर दिया था। इसके बाद से ही माडा समेत चितरंगी थाना भी निरीक्षक विहीन चल रहा था।

इसे देखते हुए सिंगरौली पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव पर भरोसा जताते हुए उन्हें चितरंगी थाने की कमान सौंपी है। उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव लंबे समय तक लंघाडोल थाना, गोरबी, जयंत, नोडिहवा, खुटार जैसी चौकियों के प्रभारी रहे हैं। वही उनके द्वारा बरगवां, यातायात एवं अन्य थानों में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

# जयंत कॉलोनी में घर में घुसकर बदमाशों ने की फायरिंग, तलाश में जुटी पुलिस

**सिंगरौली।** जयंत पुलिस चौकी क्षेत्र के एनसीएल जयंत परियोजना के आवासीय कॉलोनी माईनस क्वाटर नम्बर 957 के बाहर आधा दर्जन बदमाशों ने घर में घुसकर गोली फायर करते हुये फरियादी के आवास के अन्दर तोड़फोड़ किया है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अभिषेक पाण्डेय स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंच आरोपियों के तलाश में जुट गए हैं। इस घटना में दो एनसीएल कर्मियों के शामिल होना बताया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम के समय एनसीएल परियोजना जयंत के रोजगार्डन के



समीप प्रवीण कुमार के साथ कुछ लोगो से बीचबचाव करते हुए बाद विवाद हो गया था। जिसके बाद संदीप नाम के आरोपी ने रात करीब 10 बजे के आसपास प्रवीण कुमार के आवास पर आधा दर्जन से अधिक लोगो को लेकर हमला कर दिया और अंधाधुंध करीब पॉच राउंड हवाई फायर कर फरियादी के घर के अन्दर घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। इस घटना से आवासीय कॉलोनी में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। विवाद के जड़ को लेकर कई तरह के बातें की जा रही है। फिलहाल पुलिस हवाई फायर करने वाले बदमाशों के तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि फरियादी प्रवीण कुमार हरियाणा प्रांत के निवासी हैं। यहां पर एनसीएल परियोजना में नौकरी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात जयंत जीएम ऑफिस का घेराव करने के बाद एसओपी के द्वारा अस्वासन दिया गया है कि उन लोगो को नौकरी से भी बर्खास्त कर दिया जायेगा। तो वही सिंगरौली पुलिस अधीक्षक ने भी एनसीएल सीएमडी को भी पत्र लिखकर इनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

**इनका कहना है**

आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जाँच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ बलवा एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है जाँच के बाद और भी धाराएं बढ़ाई जा सकती है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है।

**शिवकुमार वर्मा**
**एएसपी सिंगरौली**


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

\\निविदा सूचना//

क्रमांक -238/ई- टेंडर/स्वस्थ्य शाखा/न.पा.नि/2024 रीवा, दिनांक 20/08/2024

निम्नलिखित कार्य हतु केन्दर्यकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयवधि एव लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव emd | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_364687_1 | CONSTRUCTION WORK OF 3500 LITER CAPACITY TANK ON OLD TRAILER MOUNTED SEWER SUCTION MACHINE OF MUNICIPAL CORPORATION REWA. | 7.40 लाख | 7400/- 2000/- | 04/09/2024 17:30 बजे तक |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

स्वास्थ्य अधिकारी/वाहन प्रभारी
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# पीएमश्री स्कूल के छात्र अमन को मिला केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से संवाद का मौका

सीधी

केन्द्र सरकार की पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित पीएमश्री स्कूलों के 6 विद्यार्थियों को नई दिल्ली भ्रमण के दौरान केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान से परस्पर संवाद करने का मौका मिला। संवाद में इन विद्यार्थियों ने पीएमश्री स्कूल की गतिविधियों और इसमें अध्यापन व्यवस्था की जानकारी दी। पीएमश्री स्कूल के 6 छात्र पिछले दिनों 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिये नई दिल्ली गये थे। जिन छात्रों को यह अवसर मिला, उनमें भोपाल की महक, पन्ना के उमेश, सीधी के अमन, बैतूल की प्रणाली, जबलपुर की नितिशा और खंडवा की पारुल शामिल हैं। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के 100 विद्यार्थी नई दिल्ली पहुंचे थे।

प्रदेश में इन विद्यार्थियों का चयन प्रेरणा उत्सव, कला उत्सव, इंस्पायर अवार्ड, एनएमएमएस और कुश्ती गतिविधियों में उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। चयनित छात्रों ने भ्रमण केदौरान नई दिल्ली में इंडिया गेट और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण भी किया। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान छात्रों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर मनाये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखना इनके जीवन का एक अनूठा अवसर था। ऐसे कार्यक्रम अन्य छात्रों को भी उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा ऐसे अनुभव पाने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।



पीएमश्री योजना केन्द्र एवं राज्य के सहयोग से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना को सितम्बर 2022 में शुरू किया गया। योजना की वित्तीय व्यवस्था 60 प्रतिशत केन्द्रांश और 40 प्रतिशत राज्यांश की है। योजना में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड से 2 हाई स्कूल और हायर सेकण्ड्री अथवा माध्यमिक, प्रायमरी विद्यालयों का चयन किया जाता है। इन विद्यालयों को इस प्रकार विकसित किया जाता है कि यह आस-पास के अन्य विद्यालयों के लिये एक उत्कृष्ट उदाहरण का काम कर सकें। योजना में चयनित विद्यालय के समीप वाटिका का विकास, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा, खेलने की सुविधा, लायब्रेरी और लैब इत्यादि की व्यवस्था भी की जा रही है। चयनित विद्यालयों को %ग्रीन स्कूल% की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को डिजीटल लायब्रेरी, आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस आदि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# समूह की महिलाएं बीसी सखी बनकर गांवों में घर जाकर दे रही बैंकिंग सेवाएं

सीधी। आरती दीदी लैपटॉप लेकर आ जाओ, अम्मा को रुपैया निकलवाने हैं...सीधी जिले के बम्हनी गांव से शुरू हुए इस अभियान की गूंज इन दिनों सीधी जिले के अनेक गांव में सुनाई दे रही है। चलते-फिरते बैंक के रूप में घूमने वाली बीसी सखियां अब लोगों के लिए एक बैंक बन गई हैं। पैसे निकलवाने से लेकर जमा कराने, आधार कार्ड सुधरवाने से लेकर अन्य आवश्यक कार्यों में वे सहयोग कर रही हैं।

कभी फांके की जिंदगी काटने वाली ये सखियां अब प्रतिदिन 200 से 300 रुपये सम्मानपूर्वक ढंग से कमा रही हैं। वे कहती हैं कि सोचा भी नहीं था कि गांव से बिना बाहर जाए आसानी से लोगों की सेवा करते हुए आत्मनिर्भर भी बना जा सकता है। डिजिटल बैंकिंग की इन सेवाओं ने जीवन आसान बना दिया है। इस कार्य को करने में विकासखंड प्रबंधक सीधी अशोक पांडे पूरी मदद करते हैं। सीधी जिले के विकासखंड सीधी अंतर्गत समूह की महिलाएं बीसी सखी बनकर गांव-गांव में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं।

दो वर्ष पहले आजीविका मिशन के तहत प्रारंभ हुए अभियान का असर ये है कि अब 200 बीसी महिलाएं लगभग दो से ढाई हजार महिलाओं को घरों तक पहुंचकर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। जानकारी के अनुसार सीधी जिले में एक बीसी से 20 के करीब महिलाएं प्रतिदिन सेवाएं लेती हैं। बीसी सखी आरती तिवारी ग्राम बम्हनी सहित आसपास गांव में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। आजीविका मिशन से प्रेरित होकर वे काम कर रही हैं।

आरती तिवारी बताती है कि और कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई करने के बाद घर का कामकाज करती थी। आजीविका मिशन सीधी ने बैंकिंग का एक महीने तक प्रशिक्षण दिलाया। इसके बाद हम बैंकिंग का काम शुरू किए। अब तक 52 समूह के 567 से अधिक समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण जा चुकी है।

बीसी सखी बनकर महिलाएं बैंकिंग काम कर रही है। ऐसे में इनकी आमदनी बढ़ गई है। इनसे प्रेरित होकर अन्य महिलाएं काम करना शुरू कर दिया है। - पुष्पेंद्र सिंह, डीपीएम आजीविका मिशन सीधी

उनके अनुसार समूह की महिलाएं अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, एफडी,आरडी, सुकन्या योजना काम कर रही है। ऐसे में सरकार की योजनाओं को घर- घर पहुंचाने में सफल रही है। उन्हें किसी भी कागजात को निकालने के लिए नहीं भटकना पड़ता। विटट्न बाई सिंह निवासी डाडी ने कहती हैं कि उन्होंने 12 वीं तक की पढ़ाई की है। गृहस्थी का काम कर घर गुजारा चलता था। विटट्न बाई सिंह के अनुसार आजीविका मिशन ने बैंकिंग कार्य के लिए प्रेरित किया।

# ताइक्वांडो राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराने के लिए आदित्य बिरला हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम रवाना




सीधी। यूटीसीएल प्लांट बघवार द्वारा संचालित आदित्य हायर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ी छात्र जूनियर में आयुष्मान पांडेय पिता आनन्द पांडेय अंडर 41 किलोभार में आभाष सिंह पिता सुधीर सिंह अंडर 45 किलोभार में वहीं सीनियर वर्ग में आयुष सिंह पिता ललित मोहन सिंह अंडर 55 किलोभार में सौरभ सिंह पिता मणिराज सिंह अंडर 51 किलोभार में शिवम कुशवाहा पिता लोकनाथ कुशवाहा अंडर 63 किलोभार में मो. यासीन पिता मो. शरीफ अंदर 68 किलोभार में वर्ग में, अपने विद्यालय के खेल शिक्षक व ताइक्कांडो प्रशिक्षक प्रकाश प्रजापति के साथ इंदौर के लिए रवाना हुए। जिला क्रीड़ा अधिकारी जगदीश सिंह एवं प्रबंधतंत्र के मुखिया बी.पी. सिंह सग्गू जी एवं स्र॥ ाक्रयोगेश द्विवेदी ने छात्रों को अग्रिम बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी तथा विद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार पांडेय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विजय श्री प्राप्त करने आशीर्वाद देते हुए उन्हें संबोधित किया। इस मौके पर छात्रों के अभिभावकों सहित पूरे क्षेत्र हर्ष एवं उल्लास में छात्रों को बधाइयां दी। इसके पूर्व में भी विद्यालय के बच्चों ने श्री प्रजापति के सफल निर्देशन में राष्ट्रीय लेवल तक प्रतिभाग किया था और विजेता रहे थे।

# राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

सीधी

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि हाथकरघा एवं संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम भोपाल द्वारा प्रत्येक वर्ष राज्य के सिद्धहस्त शिल्पियों को राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार दिये जाते हैं। राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार वर्ष 2024-25 के लिए शिल्पियों के अभिरूचि प्राप्त करने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2024 है। आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी हाथकरघा एवं संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम जिला पंचायत सीधी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। सिद्धहस्त शिल्पियों को प्रथम पुरस्कार 1 लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये, प्रोत्साहन पुरस्कार 15-15 हजार रूपये 03 शिल्पियों को दिये जायेंगें।

# आहरण संवितरण अधिकारी वेतन 27 अगस्त तक करें जनरेट

सीधी। कोषालय अधिकारी मुकेश तिवारी ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 अगस्त तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतरू वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक सितंबर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें।

# खाद्यान्न वितरण के लिए संशोधित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर निर्धारित

सीधी

प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 12.08.2024 द्वारा एनएफएसए 2023 अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों एवं प्रतिमाह वितरण खाद्यान्न के डाटा का मिलान हेतु मैपर्स रिपोर्ट की संशोधित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर निर्धारित की गई है जिसके अनुसार आवंटन माह 01 से 30 तारीख तक पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

उन्होने बताया कि मैपर्स रिपोर्ट की संशोधित स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर अनुसार खाद्यान्न का उचित मूल्य दुकानों पर प्रदाय एवं पात्र परिवारों को वितरण किया जाना है। अगस्त 2024 का आंटित खाद्यान्न 16 अगस्त 2024 तक दुकानों पर प्रदाय एवं 31 अगस्त 2024 तक वितरण कराया जाये। सितम्बर एवं आगामी माहों में दुकानों पर खाद्यान्न का प्रदाय 01 तारीख तक एवं 01 से 30 तारीख तक वितरण कराया जाये।

# लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों के साथ की बैठक

पन्ना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज एडीआर भवन पन्ना में लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के सदस्यगण के साथ बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने लोक अदालत के दौरान पक्षकारों को राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण में होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान करने तथा लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

# राज्यपाल 23 अगस्त को रहेंगे शहडोल जिले के प्रवास पर

शहडोल। माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगुभाई पटेल 23 अगस्त 2024 को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। माननीय राज्यपाल महोदय 23 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे भोपाल से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:10 बजे शहडोल के जमुई हैलीपेड पहुंचेंगे तथा प्रातः 10:10 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर 10:20 बजे से शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा के शासकीय हाई स्कूल कोटमा पहुंचेंगे।



माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगुभाई पटेल प्रातः 10:20 बजे से दोपहर 12 बजे तक शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा के शासकीय हाई स्कूल कोटमा में मंचीय कार्यक्रम एवं किट वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 12 बजे से 12:15 बजे तक प्रदर्शनी, आँगनवाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवन का निरीक्षण करेंगे। माननीय राज्यपाल महोदय दोपहर 12:15 बजे से 12:30 बजे तक आईसेक्ट भवन का निरीक्षण, विद्यार्थियों से संवाद व पौधरोपण करेंगें। माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगुभाई पटेल दोपहर 1 बजे शहडोल के जमुई हैलीपेड के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1:10 बजे उमरिया जिले के गुरूवाही हैलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग का दौरा कार्यक्रम

शहडोल।



मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार),कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री दिलीप जायसवाल 23 अगस्त को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल 22 अगस्त को सांय 4:10 बजे रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल 23 अगस्त को रात्रि 1:34 बजे रेल्वे स्टेशन शहडोल आगमन एवं रात्रि विश्राम, प्रातः 10:10 बजे जमुई हैलीपेड में माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगुभाई पटेल का स्वागत एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता निभाएंगे, दोपहर 1 बजे माननीय राज्यपाल को जमुई हैलीपेड पर विदाई कर अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नवागत कमिश्नर ने किया पदभार ग्रहण

शहडोल। शहडोल संभाग के नवागत कमिश्नर श्री श्रीमन् शुक्ल ने आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल में कमिश्नर शहडोल संभाग का पदभार ग्रहण किया। कमिश्नर शहडोल संभाग का पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत कमिश्नर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। वर्ष 2007 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री श्रीमन शुक्ल इसके पूर्व, सहायक कलेक्टर जबलपुर, एस.डी.एम. शुजालपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तत्कालीन होशंगाबाद जिला, कलेक्टर बड़वानी, संचालक बजट, कलेक्टर गुना, कलेक्टर



धार, संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, एम.डी. मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन, एम.डी. एग्रो, एम.डी. मार्कफेड, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईपीसीओ, कमिश्नर भू-अभिलेख, कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग, प्रबंधक संचालक मण्डी बोर्ड, प्रभारी सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

सीधी। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि कक्षा 6वीं में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 है। अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.05.2013 से 31.07.2015 के बीच होना चाहिए अभ्यर्थी सीधी जिले का निवासी होना चाहिए एवं सीधी जिले में ही 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए, पात्रता पूर्ण करने वाले अधिक से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करें।

# सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा को लेकर छत्रसाल महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न

पन्ना। आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा जारी मासिक कैलेंडर के तहत स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना द्वारा अक्षय ऊर्जा दिवस पर विषय सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के कला एवं वाणिज्य भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.एस. के. पटेल एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमपीईबी पन्ना शाखा के मुख्य अभियंता सी. पी. सिंह एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में



विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के महत्व को बताया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता सी. पी. सिंह ने सर्वप्रथम पवन ऊर्जा क्या है, यह कैसे बनता है, पवन ऊर्जा को प्रभावित करने वाले कारको के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात सौर्य ऊर्जा के तहत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि वर्तमान समय यदि हम अपने घरों में सोलर पैनल लगवाते है तो सरकार द्वारा सब्सिडी भी मिलेगी। यह सब्सिडी बाद में समाप्त भी की जा सकती है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शिव गोपाल सिंह, डॉ. पुष्पराज सिंह, डॉ. नंद कुमार पटेल, डॉ. निशांत खरे, डॉ. अरविंद निषाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सिद्धू सिंह, सह सयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. सचिन गोयल, डॉ. कविता परवंदा, डॉ. अनुराधा चौरसिया व अन्य प्राध्यापक साथी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पराज सिंह द्वारा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सचिन गोयल द्वारा किया गया।

# दबंगो ने दलित सरपंच पति सहित आधा दर्जन पर किया प्राण घातक हमला

**सरपंच ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार**

**संवेदनशील पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीडितों को मिला इलाज**

**जिला अस्पताल में नही मिल रहा था इलाज**

पन्ना। आजादी के सत्तर साल बीत जाने के बावजूद आज भी देश में दबंगो का कहर दलितो पर जारी है, तथा सरकार द्वारा विभिन्न पदो के लिए आरक्षण कर दिये गये है। लेकिन उक्त पदो का आरक्षण दबंगो को बर्दाश्त नही है, इसी के चलते आये दिन दलितो पर अत्याचार लगातार हो रहे है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत



बराछ का प्रकाश में आया है, जहां पर दलित पारवती प्रजापति सरपंच है जिसके द्वारा 21 अगस्त को गांव में नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा था तथा उक्त कार्य की देखरेख उसके पति संतोष प्रजापति द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान गांव के दबंगो को दलित की सरपंची रास नही आ रही थी, और उन्होने सरपंच पति तथा उसके परिवार पर लाठी डंडो से प्राण घातक हमला कर दिया। जिसमें लगभग आधा दर्जन परिवार के लोग घायल हुए है। जब उक्त पीड़ित परिवार पुलिस चौकी बराछ मे शिकायत करने गये तो पुलिस ने उन्हे पन्ना कोतवाली में रिपोर्ट करने की बात कहते हुए पन्ना लाने लगे, इस दौरान फिर से पुलिस के सामने ही उक्त दबंगो द्वारा संबंधितो पर फिर से लाठी डंडो से हमला किया गया। बराछ चौकी प्रभारी शिशिर मंडल तथा उनका स्टाफ तमाशा बीन बना देखता रहा। किसी प्रकार उक्त लोग पन्ना कोतवाली आये जिसमें फरियादी संतोष प्रजापति पिता मगना प्रजापति उम्र 37 वर्ष द्वारा रिपार्ट दर्ज कराई गई। जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि 9 बजे वह पंचायत द्वारा स्वीकृत नाली निर्माण का कार्य करा रहा था। इसी दौरान राजूराजा उर्फ बृजेन्द्र सिंह तथा राहुल सिंह, रघु सिंह, राजू सिंह, विक्रम सिंह सभी ने एक साथ मिलकर हमला कर दिया, जिसमें संतोष प्रजापति, नरेन्द्र प्रजापति, सहित अन्य को भी चोटे आई है। पुलिस ने उक्त मामले में बीएनएस धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 3(1द), 3(1ध) अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम के तहत मामला कायम किया गया है। पीडितो को जिला अस्पताल ईलाज के लिए लाया गया था। लेकिन जिला अस्पताल के डॉक्टर द्वारा उन्हे सामान्य ढंग से ईलाज करके घर के लिए भगाने का प्रयास किया तथा उन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती भी नही किया गया। उधर बराछ चौकी प्रभारी उनका बिना डॉक्टरी कराये ही भाग गयें। तत्पश्चात् पीडित जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा से अपनी फरियाद लेकर पंहुचे पुलिस अधीक्षक श्री थोटा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पीडितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराने कोतवाली पुलिस को निर्देश दिये। उसके बाद पीड़ित जिला अस्पताल मे भर्ती हो कर ईलाज करा रहे है। पीडितो के शरीर मे गंभीर चोटे होने के बावजूद डॉक्टरो द्वारा संवेदन शीलता नही दिखाई है। उक्त मामले में ग्राम पंचायत बराछ की सरपंच पार्वती प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते है, न्याय दिलाने तथा दोषीयो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

## संपादकीय

# कोलकाता से लेकर देहरादून तक बर्बरता

एक ओर कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की बर्बर घटना से समूचे देश में दुख और आक्रोश का माहौल है, सभी ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर कार्रवाई किए जाने की मांग हो रही है, तो दूसरी ओर देहरादून के सार्वजनिक बस अड्डे पर एक नाबालिग से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। ऐसा लगता है कि आपराधिक मानसिकता के लोगों के भीतर कानून का कोई ऐसा खौफ नहीं है जो उन्हें मनमानी करने से रोक सके।गौरतलब है कि पिछले सप्ताह देहरादून अंतरराज्यीय बस अड्डे पर बाल कल्याण समिति की एक टीम को एक किशोरी बदहवास हालत में मिली थी। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ कि बलात्कार की इस घटना को जिन पांच आरोपियों ने अंजाम दिया था, उनमें बस का चालक और परिचालक भी है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इससे एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं।आखिर जिस जगह पर नियमित रूप से बसों और यात्रियों की आवाजाही लगी रहती है, वहां सुरक्षा व्यवस्था की क्या स्थिति थी कि आरोपियों ने आसानी से अपराध को अंजाम दिया? एक सार्वजनिक स्थान पर अपराध को अंजाम देने वाले बस कर्मचारियों के भीतर पुलिस और कानून का डर क्यों नहीं था! फिलहाल देश भर में कोलकाता की घटना पर व्यापक आक्रोश फैला हुआ है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग होना शायद राज्य सरकारों और पुलिस तंत्र की प्राथमिकता में नहीं रही है। देहरादून में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार न केवल कोलकाता में हुई घटना के खिलाफ उभरे आंदोलन का असर नहीं होने को दर्शाता है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि सरकारी तंत्र किसी त्रासद घटना के बावजूद किस कदर नींद में डूबा रहता है।इसकी आंख तभी खुलती है, जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है। आखिर ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते, जो आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कानून का डर भर सके और वे किसी वारदात को अंजाम न दे सकें।

# पश्चिम बंगाल को भी योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री की जरूरत!

(अनिल सिंह)

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक हालात समझने के लिये एक उदाहरण काफी होगा, जिसका उल्लेख मैं नीचे करूंगा। हम तो सिर्फ महसूस भर कर सकते हैं, लेकिन जो वहां रह रहे हैं, उनके डर को समझना आसान नहीं है। पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा एवं दुरभिसंधियों का बड़ा गढ़ रहा है। चुनाव के दौरान सर्वाधिक हिंसा एवं मौतें पश्चिम बंगाल में होती हैं। लालू यादव के दौर में बिहार और मुलायम सिंह यादव के दौर में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य राजनीतिक हिंसा के लिये बदनाम थे, लेकिन इन दोनों की सरकारें जाने के बाद आज उत्तर प्रदेश और बिहार चुनावी हिंसा के लिहाज से बेहद सुरक्षित हैं। अपवाद को छोड़ दें तो योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव अमूमन शांतिपूर्ण तरीके से होते हैं। बिहार में भी स्थिति कुछ ऐसी ही हो चली है, लेकिन बंगाल के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है।

ममता बनर्जी की सत्ता आने के बाद वहां की हिंसक घटनाओं ने वाम सरकार के कार्यकाल को भी पीछे छोड़ दिया है। वहां चुनावों के दौरान बम, गोली चलना, हिंसा और हत्या होना आम बात है। बीता लोकसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। कई जिलों में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच गोली-बम चले। राजनीति से जुड़े कई लोगों की हत्यायें हुईं। बंगाल पुलिस पूरी तरह नकारा साबित हुई, लेकिन इस बात की चर्चा ज्यादा नहीं हो पायी, क्योंकि वाम विचारधारा आज भी मीडिया हाउसों में हावी है। उसके मुकाबले दक्षिणपंथी विचारधारा के लोग मीडिया में बेहद कम तादात में हैं। वाम विचारधारा का इको सिस्टम आज भी दक्षिण पंथ पर हावी है। यह इको सिस्टम कांग्रेस एवं कांग्रेस से निकले या उसके सहयोगी दलों के हितों के लिये काम करता है। भाजपा सरकारों के खिलाफ यह सिस्टम पूरी तरह सक्रिय हो जाता है।

ऐसा ही कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मामले में हो रहा है। मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट महिला डाक्टर के साथ हुई वीभत्स अमानवीय बलात्कार एवं हत्या की घटना बेहद निंदनीय है, लेकिन इको सिस्टम पश्चिम बंगाल सरकार को बचाने में जुटा है। मणिपुर हो, बिहार हो, यूपी हो, केरल हो या फिर कोई भी राज्य हो, इस तरह की घटनाओं को किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। मेरा व्यक्तिगत मानना है कि बलात्कार एवं हत्या करने जैसे जघन्य अपराधों में फैसला ऑन स्पॉट होना चाहिए, हालांकि कानूनी तौर पर इसे जायज नहीं माना जायेगा, फिर भी ऐसे अपराध करने वालों को कुछ अलग सजा तो मिलनी ही चाहिए।

अब कोलकाता की घटना को लेकर देश भर में उबाल है। विदेशों में भी इस जघन्य कांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। ममता बनर्जी की सरकार पर उंगली उठ रही है। उनकी पुलिस पर कुछ लोगों को बचाने के आरोप भी लग रहे हैं।

ऐसा इसलिये कि रेजिडेंट डाक्टर के बलात्कार एवं हत्या की घटना का विरोध कर रहे अस्पताल के डाक्टरों पर सात हजार लोगों की भीड़ हमला कर रही है, और कोलकाता पुलिस इसे रोकने में असफल है। उसका खुफियातंत्र फेल है। उसे पता ही नहीं चलता है कि सात हजार लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई है। जाहिर है, बिना सरकारी सहयोग के इतनी भीड़ अस्पताल तक नहीं पहुंच



सकती है। आरोप यह भी है कि सबूत मिटाने की कोशिश के तहत यह हमला कराया गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस पर गंभीर टिप्पणी भी की है। इस टिप्पणी पर शर्मिंदा होने की बजाय ममता बनर्जी अपनी सरकार में न्याय की मांग करते हुए जुलूस निकालने की नौटंकी कर रही हैं। आखिर किससे न्याय मांग रही हैं, जबकि वह राज्य की मुखिया हैं। ममता बनर्जी अपनी असफलता छुपाने के लिये नाटक करती हैं, और इको सिस्टम इसे वाहवाही में बदलने की कोशिश करता है।

कल को देश भर के मुख्यमंत्री अपने राज्य में होने वाली घटनाओं को लेकर ऐसे ही जुलूस निकालने लगे तो फिर राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने की जरूरत ही क्या है हर जघन्य हत्या के बाद मुख्यमंत्री जुलूस निकाल कर न्याय मांग लेगा। कानून-व्यवस्था बनाये रखने के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार एवं ममता बनर्जी पूरी तरह फेल हैं, लेकिन इको सिस्टम इस जघन्य कांड का तुलना दूसरे राज्यों से करके उनको सेफ करने में जुटा हुआ है। यूपी में होने वाली छोटी से छोटी घटना पर विधवा विलाप करने वाले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को अब तक पश्चिम बंगाल जाने का मौका नहीं मिला है। इको सिस्टम सबको बचाने में लगा हुआ है। कहीं मजबूरी में लिखना भी पड़ रहा है तो दूसरे राज्यों की घटनाओं से तुलना कर कोलकाता के जघन्य कांड को हल्का करने का प्रयास किया जा रहा है। बंगाल के हालात का एक उदाहरण बताता हूं।

जुलाई महीने के तीसरे रविवार की शाम थी। हम पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में थे। साथ में पांच साथी और थे। हम लोग फुटकर में कुछ किलो चायपत्ती खरीदने की गरज से एक चाय फैक्टरी सामने खड़े थे। रविवार होने की वजह से फैक्टरी सामान्य तौर पर ग्राहकों के लिये बंद थी, लेकिन चायपत्ती उत्पादन का काम जारी था। मशीनें चल रही थीं। मैनेजर साप्ताहिक अवकाश की वजह से फैक्टरी के पास में ही स्थित अपने घर पर थे। एक साथी के अतिरिक्त टेलीफोनिक प्रयास से मैनेजर आधा घंटे में फैक्टरी पर आ गया। हम सभी ने चायपत्ती के बारे में उससे ढेर सारी जानकारी प्राप्त की। कुछ सवाल किये, कुछ जिज्ञासा प्रकट की। मैनेजर ने यथा संभव सभी के जवाब देकर हमें संतुष्ट करने का प्रयास किया। उसने हमलोगों को शानदार चाय भी पिलायी। चायपत्ती की खूबियों को समझने के बाद हमलोगों ने लगभग 20 किलो चायपत्ती का आर्डर दे दिया।

चायपत्ती का ऑर्डर देने के बाद साथी पत्रकार भारत सिंह ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को समझने की गरज से मैनेजर से पूछा यहां कौन सा दल सबसे बढ़िया है वामपंथ एवं कांग्रेस के खत्म होने के बाद तो अब असली लड़ाई भाजपा और टीएमसी में ही रह गयी है यह सवाल सुनते ही मैनेजर के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी। उसने बहुत ही दीनहीन भाव और धीमी आवाज में कहा, ''भाई साहब, इधर राजनीतिक बात मत कीजिये। हमलोगों के लिये मुश्किल हो जायेगी। फैक्टरी परेशानी में आ जायेगी। इधर टीएमसी के समर्थक भी काम कर रहे होंगे, उन्होंने सुन लिया तो दिक्कत हो जायेगी।'' बंद केबिन में उसका डर देखकर हम सभी लोग भौचक्क रह गये कि यह कैसा राज्य है, जहां राजनीतिक बात करने की भी आजादी नहीं है मैंने मैनेजर की दशा देखते हुए भारत सिंह से कहा कि अरे चाय की बात करिये, क्या रखा है राजनीति में।

दरअसल, यह उस राज्य की हकीकत है, जिसके बारे में प्रचारित किया जाता है कि बहुत उम्दा प्रदेश है। बंगाल में खुलकर राजनीतिक बात करना खुद की जान जोखिम में डालने के बराबर है। जलपाईगुड़ी में तो बड़ी संख्या बाहर से आकर बसे चाय बागान मजदूरों एवं आदिवासियों की है। बातचीत से लगा कि उनकी कोई राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है, वह अपने मन का प्रत्याशी भी नहीं चुन सकते हैं। अगर उनकी बूथ पर टीएमसी को वोट नहीं मिले तो उन पर हमले का डर भी बना रहता है। ममता बनर्जी की मुस्लिम तुष्टिकरण नीति ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की एक बड़ी आबादी को डरा कर रखा है। यह डर दार्जिलिंग जिले के सिलगुड़ी में भी दिखता है। पहाड़ पर यह डर कम है। दार्जिलिंग में टीएमसी के गुंडों का डर नगण्य नजर आता है। बौद्ध बहुल यह जिला अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से स्वतंत्र दिखता है। खुलकर राजनीति पर बात करता है।

डामडीम चाय बागान इलाके से हमलोगों को दार्जिलिंग अपनी गाड़ी से छोड़ने जा रहे चालक विष्णु शुरुआत में खुलते नहीं हैं, लेकिन तीस्ता नदी पर बने बाघ पुल पार करने के बाद उन्हें भी राजनीतिक दिलचस्पी जगती है। ऐसा इसलिये होता है कि साथी पत्रकार अनूप मिश्रा कश्मीर में एक आतंकी के सैनिक पर हमला करते हुए वीडियो देखकर उत्तेजित हो जाते हैं। उनका देशप्रेम जाग उठता है। उनकी कुछ गालियां वाहन के बंद शीशों के बीच पसर जाती हैं। तब विष्णु कहते हैं कि यहां पश्चिम बंगाल में भी मुस्लिमों का बोलबाला है। उनको सरकार का भी शह मिलता है। स्थानीय टीएमसी नेता भी उनका साथ देते हैं। विष्णु कहते हैं कि बंगाल को भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता की जरूरत है। योगी जैसा मुख्यमंत्री ही बंगाल में कानून-व्यवस्था और हालात सुधार सकता है।

विष्णु जब यह बात बोलते हैं तो यूपीवासी होने के नाते मैं गौरवान्वित होता हूं और उनकी एक तस्वीर खींच लेता हूं। मुझे लगता है कि इस बात का जिक्र होना चाहिए और सबूत के तौर पर विष्णु की तस्वीर भी। ऐसा पहली बार नहीं है। हिमाचल प्रदेश की यात्रा के दौरान भी हमने ऐसा ही अनुभव किया था। उत्तर प्रदेश की पहचान अब बदल चुकी है। अब इसे भइया जी लोगों का प्रदेश नहीं बल्कि योगीजी का प्रदेश कहा जाता है। अब कोई मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे खूंखार माफियाओं की चर्चा नहीं करता है, उसकी बस एक ही उम्मीद रहती है कि उसके राज्य में भी योगी आदित्यनाथ जैसा एक मुख्यमंत्री होना चाहिए। जिसका बुलडोजर अपराधियों, माफियाओं एवं बलात्कारियों पर गरजे। वाम एवं कांग्रेसी इकोसिस्टम के बदनाम करने की तमाम कोशिशों के बावजूद उत्तर प्रदेश एवं योगी आदित्यनाथ का काम दूसरे राज्यों में पसंद किया जा रहा है।

# सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

(प्रो. संजय द्विवेदी)

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे

समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- 'सर्वभूतहिते रताः।' प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है।

काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- 'मर्नु भवः' यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है-

यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना
आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरू घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदु स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किए हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरू गोरखनाथ, गुरू घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है। समय के सच को समझना और अपने समय के कठिन सवालों से जूझना हिंदुत्व की प्रकृति रही है। गुलामी के कालखंड में आई कुछ नकारात्मक वृत्तियों को समाप्त करने के लिए राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे अनेक नायक हमारे समाज में समरसता के मंत्रदृष्टा बनकर आते रहे हैं। कोई भी समाज कुरीतियों से मुक्त नहीं है। हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरूद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छूआछूत, जातीय विद्वेष के विरूद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है।



समाज में 'जातिद्वेष' मान्यता नहीं है।

हम मानते रहे हैं कि जाति का गौरव होना चाहिए किंतु जाति भेद ठीक नहीं। हमारे अनेक ऋषि व्यास, बाल्मीकि, संत रविदास, संत रसखान हमारे श्रद्धास्थान हैं। क्योंकि हमें बताया गया और हमने माना भी कि जाति-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। हमारी परंपरा के सर्वोच्च नायक भगवान श्रीराम के समरसता इन्हीं गुणों से मर्यादा पुरूषोत्तम बने। अपनी उदार भावनाओं से वे 'शबरी के राम' हैं तो 'बाल्मीकि के भी राम' हैं। वे तुलसी के राम हैं तो कबीर के भी राम हैं। वे हनुमान के ह्दय में हैं तो आहिल्या के भी उद्धारकर्ता हैं। वे निषादराज के परममित्र हैं, तो किष्किंधानरेश सुग्रीव के भी मित्र हैं। इस परंपरा को समझने वाले ही भारत के मन को समझ सकते हैं।

भारतीय समाज को लांछित करने के लिए उस पर सबसे बड़ा आरोप वर्ण व्यवस्था का है। जबकि वर्ण व्यवस्था एक वृत्ति थी, टेंपरामेंट थी। आपके स्वभाव, मन और इच्छा के अनुसार आप उसमें स्थापित होते थे। व्यावसायिक वृत्ति का व्यक्ति वहां क्षत्रिय बना रहने को मजबूर नहीं था, न ही किसी को अंतिम वर्ण में रहने की मजबूरी थी। अब ये चीजें काल बाह्य हैं। वर्ण व्यवस्था समाप्त है। जाति भी आज रूढ़ि बन गयी किंतु एक समय तक यह हमारे व्यवसाय से संबंधित थी। हमारे परिवार से हमें जातिगत संस्कार मिलते थे-जिनसे हम विशेषज्ञता प्राप्त कर 'जाब गारंटी' भी पाते थे। इसमें सामाजिक सुरक्षा थी और इसका सपोर्ट सिस्टम भी था। बढ़ई, लुहार, सोनार, केवट, माली, निषाद, बुनकर ये जातियां भर नहीं है। इनमें एक व्यावसायिक हुनर और दक्षता जुड़ी थी। गांवों की अर्थव्यवस्था इनके आधार पर चली और मजबूत रही। आज यह सारा कुछ उजड़ चुका है। हुनरमंद जातियां आज रोजगार कार्यालय में रोजगार के लिए पंजीयन करा रही हैं। जाति व्यवस्था और वर्ण व्यवस्था दोनों ही अब अपने मूल स्वरूप में काल बाह्य हो चुके हैं। अप्रासंगिक हो चुके हैं। ऐसे में जाति के गुण के बजाए, जाति की पहचान खास हो गयी है। इसमें भी कुछ गलत नहीं है। हर जाति का अपना इतिहास है, गौरव है और महापुरुष हैं। ऐसे में जाति भी ठीक है, जाति की पहचान भी ठीक है, पर जातिभेद ठीक नहीं है। जाति के आधार भेदभाव यह हमारी संस्कृति नहीं। यह मानवीय भी नहीं और सभ्य समाज के लिए जातिभेद कलंक ही है।

भारत के इतिहास में तमाम ऐसे पृष्ठ हैं, जिसमें हमारी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। विदेशी आक्रामणों से जूझते हुए भी हमारे समाज ने अपनी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखा। बाद के कालखंड में विभेदकारी शासकों ने भारतीय समाज में विभाजन के बीज बोए क्योंकि उन्हें अपने राज को स्थाई बनाना था। लोगों के हाथ से हुनर छीन कर उन्हें दास बनाना उनका मकसद था। यह काम बिना बंटवारे की राजनीति से संभव नहीं था। भारत के सामने अपनी एकता को बचाने का एक ही मंत्र है, 'सबसे पहले भारत'। इसके साथ ही हमें अपने समाज में जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। भारत विरोधी ताकतें तोड़ने के सूत्र खोज रही हैं, हमें जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। किन कारणों से हमें साथ रहना है, वे क्या ऐतिहासिक और सामाजिक कारण हैं जिनके कारण भारत का होना जरूरी है।

## वर्ग पहेली 5469

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | ■ | 11 | 12 |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | |
| 15 | | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| | ■ | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | ■ | 22 | 23 |
| | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1987 को यह देश एक गणराज्य घोषित हुआ (2)
3. 1980 को इस देश ने संविधान को अंगीकार किया (3)
6. विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
7. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
9. जब सूर्य कन्या राशि में हो, श्राद्ध पक्ष (4)
11. रिश्ता, संबंध (2)
13. गुलुबंद को यह भी कहते है (4)
15. किसी आपत्ति, आदि से बचाव, हिफाजत (2)
16. हाथ, कर, एक प्रकार का नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
17. प्राप्त करना, लब्ध करना (2)
18. ताश के खेलों का एक प्रकार, सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
19. ध्यानचंद नाम इस खेल से जुड़ा है (2)
20. एक संवादहीन फिल्म जिसमें कमलहासन के साथ अमला थी (1987)(3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
24. कुल संख्याओं का जोड़, परिकलन (3)

**ऊपर से नीचे**

1. उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार जिनका मूल नाम रघुपति सहाय था (निधन 3 मार्च 1982)(8)
2. फतह हासिल करना, विजय प्राप्त करना (3)
3. बात का सहीअर्थ न समझना, बात समझने में धोखा खा जाना (6)
4. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
5. फख्र, घमंड, विलास चेष्टा, नखरा (2)
8. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
10. गहरा दुख, शोक (2)
12. खींचकर कड़ा करना, फैलाना (3)
14. थका हुआ, शिथिल, अशक्त (2)
17. शुद्ध, पवित्र, स्वच्छ (3)
18. दस्तावेज लिखित, कलमबंद, तहरीरी (3)
21. मर्यादा, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
23. फरियादी, मुकदमेबाज, मुद्दई (2)

### वर्ग पहेली 5468 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | ■ | गु | डा | के | श |
| स | ना | थ | ■ | ग | ल | ■ | ह |
| ■ | ■ | प | हे | ली | ■ | प | ना |
| श | प | थ | ■ | ■ | स | गा | ई |
| ह | त | ■ | त | ल | वा | र | ■ |
| र | वा | ■ | मा | त | लि | ■ | ख |
| या | र | ■ | शा | ■ | या | प | न |
| र | ■ | र | ई | स | ■ | ता | न |

# जुल्म के खिलाफ जोर से बोला जाए

(विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी)

नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के साथ जो नृशंस अपराध हुआ और जिस जघन्य अंदाज से बलात्कार के बाद उसकी हत्या की गई, वह किसी भी सभ्य समाज को झकझोर देने के लिए पर्याप्त था। अपराध रात के अंधेरे में किसी वक्त तीसरी मंजिल स्थित सेमिनार हॉल में हुआ और बाद में किए गए पोस्टमार्टम की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार, उसके साथ कई लोगों द्वारा बलात्कार किया गया था। इस दौरान हत्यारे ने उसके शरीर के साथ काफी नोच-खसोट की थी । शरीर पर पड़े ये घाव नंगी आंखों से ही किसी को भी दिख सकते थे, पर नहीं दिखे, तो कॉलेज के प्रशासकों को, जिन्होंने मृत डॉक्टर के परिवार को सुबह फोन करके यह बताया था कि उसने कॉलेज परिसर में आत्महत्या कर ली है। जब परिवारी जन भागते हुए परिसर में पहुंचे, तो उन्हें घंटों मृत शरीर को नहीं देखने दिया गया। अस्त-व्यस्त कपड़ों में क्षत-विक्षत और जगह-जगह से खून बह रहे उस शरीर को देखकर उनके मन में रत्ती भर भी शक नहीं रहा कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या हुई है और वह भी क्रूरतम तरीकों से। कॉलेज प्रशासकों ने तब भी कोशिश की कि परिजन मान लें कि यह आत्महत्या का मामला है, हत्या का नहीं।

हत्या की खबर फैलते ही कोलकाता और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से होता हुआ आक्रोश पूरे देश में फैल गया है। इस बार यह सिर्फ डॉक्टरों की सुरक्षा का मसला नहीं रह गया है, इसके बहाने चिकित्सा शिक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों के साथ-साथ पूरे तंत्र की सड़न भी विमर्श के केंद्र में आ गई है। जिस तरह से कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को घटना पर भड़के आक्रोश के बाद पहले कॉलेज से हटाकर प्रतीक्षा सूची में रखा गया और फिर कुछ ही घंटों में उन्हें शहर के एक दूसरे मेडिकल कॉलेज का प्रधान बना दिया गया, उससे शासन के गलियारों में उसकी पहुंच स्पष्ट हो गई। हाईकोर्ट के आदेश से उनको पद से हटाया गया। जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा काम यह हुआ कि घटना के कुछ ही घंटे बाद कॉलेज भवन पर एक अराजक भीड़ द्वारा हमला हुआ और तोड़फोड़ की गई। उनका मुख्य निशाना वह सेमिनार रूम था, जहां वारदात हुई थी और स्पष्ट था कि दंगाई घटनास्थल पर सुबूतों के साथ छेड़छाड़ करना चाहते थे। जिन लोगों को सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, वे मुख्य रूप से सत्तारूढ़ दल के सदस्य निकले। इस घटना के पहले भी जब संदीप घोष को प्रधानाचार्य पद से हटाया गया था, तब इसी तरह से उन्होंने गुंडों की मदद से अपने उत्तराधिकारी को पदभार ग्रहण नहीं करने दिया था और अपना तबादला निरस्त कराकर वापस कुर्सी पर आ बैठे थे। क्या ये उदाहरण काफी नहीं हैं भ्रष्टाचार, सत्ता और अपराध के बीच के गठजोड़ को समझने के लिए? भारतीय राजनीति और समाज तंत्र में सड़ांध पैदा करने वाले इस गठबंधन के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश उबाल पर है, पर क्या इससे कोई स्थायी या बुनियादी फर्क पड़ेगा? राजनीति के विद्रूप को और बेहतर किस बात से समझा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस भी मांग कर रही हैं कि दोषी को कठोरतम सजा दी जाए। यह जनता की कमअक्ली ही होगी, अगर वह पूछे कि यह मांग किससे की जा रही है? इस समय देश का राजनीतिक मानचित्र ऐसा है कि हर बड़ा राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल किसी न किसी क्षेत्र में सत्ता पर या तो काबिज है या काबिज रह चुका है। इस विडंबना को क्या कहेंगे कि लगभग हरके प्रदेश में और हरेक दल की सरकार में सत्ता, अपराध और भ्रष्टाचार का यह त्रिकोण फलता-फूलता रहा है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में दिन सफलता से भरा होगा और पूरे दिन व्यस्तता बनी रहेगी। भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण से कुछ बदलाव हो सकते हैं और आपको सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में होने वाले बदलाव आपके पक्ष में होंगे और आपका दिन खुशी में बीतेगा। सावधानीपूर्वक वही काम करने की चेष्टा करें।

### वृषभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और जीवन सफलता से भरा होगा। आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और उत्तम प्रकार की धन सम्पत्ति प्राप्त होगह। चन्द्रमा की शुभ दृष्टि से आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आपको कारोबार के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे और आपके सुख में वृद्धि होगी। नये सहयोगी मिलेंगे और योजनाएं सफल होंगी।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होने से आपके मन को संतोष होगा। दिन आनन्द में बीतेगा और आप सफल होंगे। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। आपके लिए कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं।

### वृश्चिक
आज तरक्की के योग बन रहे हैं और आपको बिजनस में भरपूर लाभ होगा। आज के दिन आपके हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज मस्ती के दिन है। आपने पहले जो मेहनत की है उसमें अब आपके लिए सफलता के संयोग बने हैं।

### मिथुन
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपका पूरा दिन भागदौड़ करने में बीतेगा। घर में किसी की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा परेशान रहेंगे, लेकिन शाम तक थोड़ा सा स्थिति में सुधार होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। पत्नी की सेहत को लेकर थोड़ा सा सावधान रहें।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपका कुछ खर्च हो सकता है और परिवार के लोगों के साथ किसी बात को लेकर आपकी बहस हो सकती है। संतान की तरफ से आपको हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

### धनु
आज रियर में लाभ का दिन है और आपको तरक्की प्राप्त होगी। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी और आपका मन प्रसन्न होगा। आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। आपको कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### मकर
आज दिन सफलता में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। दिन में कुछ अधिक व्यस्तता रहेगी और शाम का वक्त आनंद में परिवार के लोगों के साथ बीतेगा। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### सिंह
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा साबित होगा और आपको तरक्की मिलती जाएगी। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा मिलने से आपका मन खुश होगा और आप तरक्की करेंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा और कारोबार में आपके लिए सफलता के योग बने हैं। आपके जीवन में खुशहाली बढ़ेगी और आप तरक्की करेंगे। नौकरी और कारोबार में सफलता के योग बने हैं। आज लाभकारक होगा। बहस और टकराव से बचें, तो आपके जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। धन कीर्ति की वृद्धि होगी और आपके शत्रुओं का अंत होगा। प्रबल से प्रबल विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे और आपके जीवन में आनंद बढ़ेगा और हर प्रकार की सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा।

### मीन
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्य में आपका मन लगेगा और आपके लिए शानदार तरक्की के योग बन रहे हैं। कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा और आपको खुशहाली का एहसास होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में बढ़ी भाजपा की चिंता, अपने ही सीएम के खिलाफ 7 विधायकों ने की जांच की मांग



**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर में भीषण हिंसा का दौर भले ही थम गया है, लेकिन तनावपूर्ण हालात अब भी बने हुए हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के खिलाफ भी लगातार आवाजें उठ रही हैं और उनके खिलाफ विपक्ष लंबे समय से मोर्चा खोले हुए हैं। उन्हें हटाने की मांग की जा रही है। इस बीच भाजपा के ही 7 विधायकों ने सीएम बीरेन सिंह के खिलाफ जांच के लिए आयोग गठित करने की मांग की है। कुल 10 कूकी विधायकों ने जांच की मांग की है, जिनमें से 7 सत्ताधारी दल भाजपा के ही हैं। इन लोगों का कहना है कि हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए आयोग गठित होना चाहिए। इसमें यदि एन. बीरेन सिंह को दोषी पाया जाए तो उनके खिलाफ ऐक्शन हो। इन विधायकों ने साझा बयान जारी कर कहा कि सीएम बीरेन सिंह की भूमिका संदिग्ध थी। उन्हें कूकी समुदाय के नरसंहार की छूट दी थी। दरअसल बीरेन सिंह मैतेई समुदाय से आते हैं। बीते साल मैतेई और कूकी समुदाय के बीच ही हिंसा भड़की थी। इन विधायकों ने मणिपुर टेप्स के नाम से एक ऑडियो टेप भी जारी किया है। इन लोगों ने कहा कि सीएम ने अपने रवैये से मैतेई समुदाय के उपद्रवी तत्वों को छूट दी थी। विधायकों ने कहा कि सीएम ने हिंसा की छूट दी थी। यही नहीं इन विधायकों ने कहा कि होम मिनिस्टर अमित शाह जब मणिपुर आए तो उन्होंने सीएम बीरेन सिंह को इस बात के लिए फटकार लगाई थी कि जनता पर बमों का प्रयोग न किया जाए। फिर भी अमित शाह के जाते ही सीएम ने उसी तरह जनता पर बम बरसाए। इन विधायकों का कहना है कि पूरे राज्य से करीब 5000 हथियार पुलिस बल से लूटे गए हैं, लेकिन इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इन लूटे हुए हथियारों का इस्तेमाल ही हिंसा भड़काने के लिए किया गया था। इन लोगों ने कहा कि सीएम बीरेन सिंह खुद यह कहते सुने जा सकते हैं कि उन्होंने कहा कि 300 कूकी मारे गए हैं। वह मुझे गाली दे सकते हैं, लेकिन मैतेई तो ऐसा नहीं करेंगे। इस तरह भाजपा के ही 7 विधायकों के मुख्यमंत्री के खिलाफ उतरने से पार्टी की मुश्किल भी बढ़ गई है और सीएम पर ऐक्शन का दबाव भी है। वहीं राज्य सरकार ने 7 अगस्त को जारी किए गए टेप को फर्जी करार दिया है। सरकार ने कहा कि यह टेप फर्जी है, जिसके जरिए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जो इसके प्रसार में जुटे हैं।

### लेटरल एंट्री पर सरकार के यूटर्न पर आईएएस अधिकारी ने जताई हैरानी, गिनाए इसके लाभ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने यूपीएससी में लेटरल एंट्री पर अपने फैसले को वापस ले लिया है। इससे विपक्ष का आक्रोश जरूर कम हुआ है, लेकिन एक महिला आईएएस अधिकारी ने हैरानी जताई है। तेलंगाना कैडर की आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल ने इस मामले पर अपने विचार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए हैं। उन्होंने लेटरल एंट्री को वापस लेने के सरकार के कदम पर हैरानी जताई है। आपको बता दें कि सभरवाल वर्तमान में तेलंगाना वित्त आयोग की सदस्य-सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि नौकरशाहों को उनकी सेवा के दसवें वर्ष के बाद विशिष्ट डोमेन में विशेषज्ञता हासिल करने का विकल्प दिया जाना चाहिए। उनका तर्क है कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि अधिकारी स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे या शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में जटिल मुद्दों को संभालने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे। सभरवाल ने कहा, समय-समय पर मूल्यांकन आवश्यक है। 15 साल के बाद खराब प्रदर्शन करने वालों को रिटायर कर दिया जाना चाहिए और उनकी जगह किसी और को रखा जाना चाहिए। नौकरशाहों को अपने डोमेन चुनने और उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सर्विस के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्हें इससे बाहर किसी भी क्षेत्र की जिम्मेदारी नहीं दी जानी चाहिए। आपको बता दें कि सिविल सेवाओं के बाहर से अनुभवी पेशेवरों को लाने के उद्देश्य से शुरू की गई लेटरल एंट्री की अधिसूचना को रद्द करने के सरकार के फैसले को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### साउथ सुपरस्टार विजय ने अपनी नई पार्टी का झंडा किया लॉन्च, 2026 चुनाव की तैयारी

**चेन्नई, एजेंसी।** साउथ फिल्मों के सुपरस्टार और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने गुरुवार सुबह अपनी पार्टी का झंडा जारी किया है। 22 सितंबर को विल्लुपुरम में होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन से एक महीने पहले इस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विजय ने कहा, हमारा झंडा कल से पूरे राज्य में लहराएगा। विजय ने फरवरी में अपनी खुद की पार्टी लॉन्च करने की घोषणा की थी। इस दौरान विजय ने कहा, अब तमिलनाडु बेहतर होगा। जीत निश्चित है। उन्होंने बताया कि यह झंडा तमिलनाडु के विकास के लिए कोशिश करने का प्रतीक है। पार्टी राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रही है। विजय की नई फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज के बाद इस समारोह का आयोजन होगा।

# राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी खजाना लुटने नहीं दूंगा : मुख्यमंत्री सुक्खू




**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जोगिंद्रा सहकारी बैंक के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सोलन में मंगलवार देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया और बैंक के नए 'लोगो' का अनावरण किया। उन्होंने 7.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बैंक के नए भवन को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोगिंद्रा बैंक का टर्नओवर 2000 करोड़ रुपये होने पर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि किसी भी बैंक के कर्मचारी उस संस्था की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि बैंक का कुल एनपीए आठ प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत रह गया है। उन्होंने जोगिंद्रा बैंक के कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि बैंक का डिपोज़िट 1400 करोड़ रुपये हो गया है लेकिन बैंक की वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बेहतर काम करने वाली बैंक की शाखाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार इस वित्त वर्ष में प्रत्येक 100 रुपये में से वेतन पर 25 रुपये, पेंशन पर 17 रुपये, ब्याज पर 11 रुपये, कर्ज अदायगी पर नौ रुपये, स्वायत्त संस्थानों की ग्रांट पर 10 रुपये और बचे हुए 28 रुपये पूंजीगत व्यय और अन्य गतिविधियों पर खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान भी कम हुआ है। वर्ष 2021-22 में अनुदान के रूप में राज्य सरकार को 10 हजार करोड़ रुपये मिलते थे जबकि वर्ष 2025-26 में यह अनुदान घट कर तीन हजार करोड़ रुपये रह जाएगा, लेकिन इसके बावजूद वर्तमान राज्य सरकार का विज़न हिमाचल प्रदेश को व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर बनाना है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा, राजनीतिक लाभ के लिए मैं सरकारी खजाने को लुटने नहीं दूंगा। साधन संपन्न लोगों को बिजली और पानी पर सब्सिडी नहीं दी जाएगी तथा सरकार द्वारा इसका युक्तिकरण किया जा रहा है, ताकि गरीब व्यक्ति को लाभ मिले। सरकार द्वारा उठाए कदमों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है। एक वर्ष में अर्थव्यवस्था बीस प्रतिशत सुधरी है। हिमाचल प्रदेश में जीएसटी कलेक्शन भी बेहतर हुआ है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को पिछली भाजपा सरकार से 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज़ और 10 हजार करोड़ रुपये की बकाया देनदारियां विरासत में मिलने के बावजूद 20 माह के अपने कार्यकाल में राज्य सरकार ने कर्मचारियों को सात प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया है और इस वर्ष 75 वर्ष से अधिक आयु के 28 हजार पेंशन भोगियों को एरियर का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी मेरे परिजनों के समान है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए अभी छः माह का और समय लगेगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने पर एरियर और मंहगाई भत्ते प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश में लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना चाहते हैं और राज्य सरकार सुशासन पर ध्यान दे रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश काफी नीचे खिसक गया है। इसलिए इन क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुधार किए जा रहे हैं। डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ को कार्य का बेहतर माहौल प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्त पदों को भरा जा रहा है, ताकि वह आठ घंटे में शिफ्ट में काम करें और इससे मरीजों को भी लाभ होगा। राज्य सरकार ने केजुएल्टी डिपार्टमेंट का नाम बदलकर डिपार्टमेंट ऑफ इमरजेंसी सर्विसिज कर दिया है, ताकि वहां आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा सकें। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जिला सोलन के कंडाघाट में प्रदेश के नौ हजार दिव्यांग बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एजुकेशन ऑफ दिव्यांगजन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिला सिरमौर के कोटला-बड़ोग में राज्य स्तरीय आदर्श नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह नशा मुक्ति केंद्र मादक पदार्थों की लत से जूझ रहे लोगों की सहायता करेगा और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करेगा।

## रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के निर्वाचन को चुनौती, हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब



**रामपुर, एजेंसी।** यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय ने बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी की चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने चुनाव याचिका में मोहिबुल्लाह नदवी का निर्वाचन रद्द किए जाने की मांग की है। भाजपा उम्मीदवार रहे लोधी ने याचिका में कहा गया है कि नदवी ने अपने नामांकन पत्र में कई जानकारियां छिपाई थीं। इस आधार पर उनका निर्वाचन रद्द कर दिया जाना चाहिए। याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 21 अक्तूबर की तारीखलगाईगईहै। लोधी ने नदवी के नामांकन में कमी होने का मुद्दा उठाते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए सपा सांसद को नोटिस जारी किया है। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने अपने अधिवक्ता शरद शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। अधिवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट ने सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को नोटिस जारी किया है। बता दें कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में घनश्याम लोधी को हराकर मोहिब्बुल्लाह नदवी सांसद बने हैं। 4 जून 2024 को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में मोहिबुल्लाह ने रामपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 4 लाख 81 हजार 503 वोट हासिल कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को 87 हजार 434 मतों से हराया था। इस चुनाव में लोधी को 3 लाख 94 हजार 69 मत मिले थे। घनश्याम सिंह लोधी साल 2004 से 2010 तक कल्याण सिंह की राष्ट्रीय क्रांति पार्टी और वर्ष 2016 से 2022 तक समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य रहे। उन्होंने साल 2022 में भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए रामपुर लोकसभा उपचुनाव जीता था।

## जमशेदपुर में लापता प्रशिक्षण विमान के ट्रेनी पायलट का शव डैम से बरामद

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से 20 अगस्त को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद लापता हुए विमान के ट्रेनी पायलट शुभ्रोजीत दत्ता का शव गुरुवार 10 बजे चांडिल डैम से निकाला गया। मेन पायलट जीत शत्रु आनंद की तलाश में भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में जुटी हुई है। ट्रेनी पायलट का शव बरामद होने के साथ ही यह बात साफ हो गई है कि विमान डैम में गिरकर क्रैश हुआ था। यह विमान अलकेमिस्ट एविएशन कंपनी का है, जो जमशेदपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट चलाती है। विमान को पटना निवासी कैप्टन जीत शत्रु आनंद चला रहे थे, जबकि उनके साथ जमशेदपुर निवासी ट्रेनी पायलट शुभ्रोदीप दत्ता सवार थे।

विमान ने दिन के करीब 11 बजे उड़ान भरी थी और करीब 20 मिनट बाद एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) से उसका संपर्क पूरी तरह भंग हो गया था। हादसे की आशंका को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। मंगलवार दोपहर से ही विमान के लास्ट लोकेशन के आधार पर जमशेदपुर की दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी और आस-पास के इलाकों में तलाशी शुरू की गई। हेलीकॉप्टर से पूरा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

# 10 लाख तक का मुफ्त इलाज, महिलाओं को 15 लाख का लाभ, आयुष्मान भारत योजना में बड़े बदलाव की तैयारी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आयुष्मान भारत के तहत बीमा कवर को दोगुना करके 10 लाख रुपये और महिलाओं के लिए 15 लाख रुपये तक करने की तैयारी चल रही है। इस योजना के तहत प्राइवेट अस्पताल के 4 लाख बिस्तरों को जोड़ने के साथ-साथ लाभार्थियों की संख्या 55 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ करने की तैयारी केंद्र सरकार के द्वारा की जा रही है। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में इस योजना पेश किया गया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, सचिवों के समूह ने इस योजना पर रिपोर्ट पेश कर दिया है। अगले पांच वर्षों के लिए लक्ष्य और उनकी उपलब्धि के लिए समयसीमा निर्धारित करने का काम सौंपा गया है। सामाजिक क्षेत्र के लिए बनी जीओएस में स्वास्थ्य, आयुष, खेल, संस्कृति और शिक्षा सहित नौ मंत्रालय शामिल हैं। जल्द ही कैबिनेट सचिव के समक्ष एक प्रेजेंटेशन देने की संभावना है। आयुष्मान भारत योजना नरेंद्र मोदी सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य योजना है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी योजना बताया जाता है। वर्तमान में यह 12.34 करोड़ परिवारों को कवर करते हैं। 55 करोड़ लाभार्थियों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रति परिवार 5 लाख रुपये का वार्षिक कवरेज प्रदान करता है। 30 जून तक इस योजना के तहत 7.37 करोड़ लोगों ने अस्पताल में इस योजना का लाभ उठाया। अब तक 1 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। भाजपा इस योजना को एनडीए सरकार की सफलता की कहानियों में से एक मानती है और इस साल लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के घोषणापत्र में भी 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को इसका कवरेज बढ़ाने का वादा किया गया है। सचिवों के विभिन्न समूहों को भाजपा के 'संकल्प पत्र' से लक्ष्यों को मैप करने और इसके लिए चुनाव समयसीमा की कल्पना करने का काम सौंपा गया था। नई रिपोर्ट के मुताबिक, वार्षिक बीमा कवर की राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति परिवार किया जा सकता है। वहीं, महिलाओं के मामले में विशिष्ट बीमारियों और विशिष्ट परिस्थितियों के लिए इस कवर को 15 लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। आपको बता दें कि कुल आयुष्मान कार्डों में से लगभग 49प्रतिशत महिलाएं हैं। वहीं, अस्पताल में भर्ती होने वालों में लगभग 48प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके अलावा, लाभार्थियों की संख्या बढ़ाकर 100 करोड़ करने और प्राइवेट अस्पताल के बेडों की संख्या में 4 लाख की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लगभग 7.22 लाख बिस्तर हैं। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के पॉल की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद ही उपरोक्त प्रस्तावों को औपचारिक रूप दिया जाएगा और वित्त मंत्रालय तथा मंत्रिमंडल के समक्ष मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

## सुक्खू सरकार के खिलाफ लामबंद होने लगे कर्मचारी सचिवालय से आगाज, अनशन पर जाने की चेतावनी



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार को पहली बार कर्मचारियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। ताजा सूरते हाल यह है कि कर्मचारी सरकार के खिलाफ लामबंद होने की तैयारी में जुट गए हैं। इसकी शुरुआत शिमला स्थित राज्य सचिवालय से हुई है। सचिवालय कर्मचारियों ने डीए, एरियर और अन्य मांगो को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर दी है। बता दें कि 20 महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का मुद्दा खूब गुंजा था। कांग्रेस ने कर्मचारियों को ओपीएस देने की घोषणा की थी। सत्तारूढ़ होने पर जिन कर्मचारियों ने सुक्खू सरकार को सिर आंखों पर बैठाया था अब वही कर्मचारी सरकार की घेराबंदी करने लगे हैं। शिमला सचिवालय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सचिवालय के सैंकड़ों कर्मचारियों ने 2016 से एरियर का भुगतान न होने और जुलाई 2022 से डीए न मिलने पर सुक्खू सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने बुधवार को सचिवालय में आम सभा का आयोजन करने के बाद प्रदर्शन किया जिसमें सचिवालय कर्मचारी के अलावा प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों ने भी समर्थन का ऐलान कर दिया है। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों ने तय किया है कि देखा जाएगा कि सरकार वार्ता के लिए बुलाती है या नहींज अगर सरकार बातचीत के लिए नहीं बुलाती है तो परसों फिर से आम सभा का आयोजन किया जाएगा। यदि सरकार नहीं मानती है तो कर्मचारी 10 सितंबर से मास केजुअल लीव पर जाएंगे। यदि जरूरी हुआ तो अनशन पर भी बैठेंगे, लेकिन सरकार के आगे झुकेंगे नहीं। संजीव शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार खुद फिजूलखर्चा कर रही है। सीपीएस, ओएसडी, महंगी गाड़ियों, सलाहकार रखने, दफ्तर बनाने पर करोड़ों का खर्च हो रहा है लेकिन कर्मियों को उनका डीए और एरियर सहित अन्य लाभ देने के लिए पैसा नहीं है। हर सरकार हिमाचल दिवस व स्वतंत्रता दिवस पर कर्मचारियों के लिए कोई ना कोई घोषणा करती रही है लेकिन मौजूदा सरकार में कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह आम सभा सरकार के लिए एक चेतावनी होगी।

## शरद पवार को मिली 'जेड प्लस' सिक्योरिटी सीआरपीएफ के 55 जवानों की टीम करेगी सुरक्षा



**मुंबई, एजेंसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को 'जेडप्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से महाराष्ट्र के 83 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री को सुरक्षा मुहैया कराने को कहा है। इस कार्य के लिए सीआरपीएफ के 55 सशस्त्र जवानों की एक टीम को तैनात किया गया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा खतरे के आकलन की समीक्षा में पवार को मजबूत सुरक्षा प्रदान करने की सिफारिश की गई है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने उन्हें 'जेड प्लस' श्रेणी का सुरक्षा घेरा प्रदान किया है। सूत्रों के अनुसार सीआरपीएफ की एक टीम इस कार्य को करने के लिए पहले से ही महाराष्ट्र में है। 'जेड प्लस' सुरक्षा सशस्त्र वीआईपी सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है। वीआईपी सुरक्षा श्रेणी का वर्गीकरण उच्चतम 'जेड प्लस' से शुरू होता है। इसके बाद 'जेड', 'वाई प्लस', 'वाई' और 'एक्स' आते हैं। बता दें कि शरद पवार तीन बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे 1978-1980, 1988-1991, और 1993-1995 तक महाराष्ट्र के सीएम रहे। इसके अलावा, पवार ने केंद्र सरकार में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने कृषि मंत्री, रक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। 1999 में उनके द्वारा सह-स्थापित एनसीपी को पिछले साल जुलाई में उनके भतीजे अजित पवार ने विभाजित कर दिया था। चुनाव आयोग ने अजीत गुट को 'असली' एनसीपी के रूप में मान्यता दी है। फिलहाल एनसीपी (एसपी) ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा एक स्पेशल यूनिट है जो केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बताए गए लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है। इन वीआईपी में केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, राजनेता, सरकारी अधिकारी, आध्यात्मिक नेता, व्यवसायी और अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल हैं। इस बीच, पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध किया कि उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को हटा दिया जाए। फडणवीस महाराष्ट्र के गृह मंत्री भी हैं।

# जम्मू-कश्मीर में फिर हुई राम माधव की वापसी, भाजपा को दिला सकते हैं फायदा



**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भारतीय जनता पार्टी के नेता राम माधव को चुनाव प्रभारी बनाया है। इस घोषणा के ठीक 24 घंटे के भीतर उन्होंने पार्टी के चुनावी अभियान को दिशा देने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ कई बैठकें कीं। कई स्थानीय नेताओं के मुताबिक, चुनाव प्रभारी के रूप में उनकी वापसी से पार्टी की स्थानीय इकाई उत्साहित है। 2014 में उनके साथ मिलकर काम किया था। राम माधव के साथ केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को भी इसकी जिम्मेदारी मिली है।

2014 को चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक जाने-माने चेहरे राम माधव को कश्मीर में पार्टी की राजनीतिक और चुनावी कहानी का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें ही दो अलग-अलग विचारधारा वाली पार्टियों भाजपा और क्षेत्रीय क्षत्रप पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ आने का श्रेय दिया जाता है। नाम न छापने की शर्त पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, घाटी में भाजपा के लिए जमीनी स्तर पर बहुत कम समर्थन था। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा का अनुच्छेद 370 को खत्म करने और 35 (ए) को हटाने का एजेंडा अच्छी तरह से लोगों के बीच में गूंजता था। राम माधव ने क्षेत्रीय नेताओं और पार्टियों के साथ मिलकर लोगों और पार्टी के बीच एक पुल बनाने के लिए पर्दे के पीछे काम किया। वह काफी हद तक सफल रहे। भाजपा ने कश्मीर संभाग में कोई सीट नहीं जीती, लेकिन जम्मू क्षेत्र में 25 सीटें हासिल कीं। इसके साथ ही भगवा पार्टी सत्ता के बंटवारे के लिए बातचीत करने की स्थिति में आ गई। आपको बता दें कि 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25, पीडीपी ने 28, कांग्रेस ने 12 और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 सीटें जीती थीं।

**महबूबा ने खींच लिए थे हाथ :** पीडीपी के साथ भाजपा का गठबंधन अल्पकालिक था। तत्कालीन मुख्यमंत्री और पीडीपी के संरक्षक मुफ्ती मोहम्मद सईद के निधन के तुरंत बाद गठबंधन में संकट सामने आया। उनकी बेटी और राजनीतिक उत्तराधिकारी महबूबा मुफ्ती ने गठबंधन जारी रखने के मुद्दे पर अपने पैर पीछे खींच लिए। इसके बाद राम माधव को सितंबर 2020 में राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटा दिया गया और वे अपने मूल संगठन आरएसएस में वापस चले गए।

**गठबंधन बनाने में काम आएगी राम माधव की केमेस्ट्री :** भाजपा नेता ने कहा, उनकी वापसी संकेत देती है कि भाजपा गठबंधन बनाने और कहानी को धार देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। पार्टी उनकी अभिव्यक्ति और मीडिया एक्सपोजर का लाभ उठाकर पार्टी के लिए स्थिति बेहतर बनाना चाहती है। विपक्ष के इस आरोप का भी मुकाबला करना चाहती है जिसमें कहा जाता है कि केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाने और राज्य को विभाजित करने के लिए कानूनों का उल्लंघन किया है। वहीं, एक दूसरे नेता ने कहा कि राम माधव की वापसी को स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देने, क्षत्रपों, पीडीपी और एनसी से जुड़े नेताओं के साथ संवाद का एक चैनल खोलने के भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में आज के समय में सज्जाद लोन के नेतृत्व वाली पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली अपनी पार्टी और पूर्व कांग्रेसी गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी जैसे कई राजनीतिक संगठन हैं जो एनसी और पीडीपी के विकल्प के रूप में सामने आ रहे हैं। नाम न बताने की शर्त पर दूसरे नेता ने कहा, जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा खोने और यूटी बनने के बाद ऐसी धारणा थी कि भाजपा अब जम्मू तक ही सीमित रहेगी और घाटी में उसका समर्थन पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## रोहित शर्मा को मिला क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड

- जय शाह को भी किया गया सम्मानित



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा का सिएट क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा खेल प्रशासन में शानदार काम के लिए बीसीसीआई के सचिव जय को भी सम्मानित किया गया है। विराट कोहली वनडे बैटर ऑफ द ईयर बने जबकि शमी को बॉलिंग के लिए सम्मान मिला।

भारतीय टेस्ट और वनडे के कप्तान रोहित शर्मा ने एक क्रिकेट अवॉर्ड सेरिमनी में कई खुलासे किए। उन्होंने टी20 विश्व कप जीत के 3 पिलर्स पर खुलासा तो किया ही साथ ही इशारे ही इशारे में 5 आईपीएल ट्रॉफी यूं ही नहीं जीत लेने पर बड़ा बयान दिया। मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाए जा चुके रोहित शर्मा ने जय शाह, राहुल द्रविड़ और अजीत अगरकर को टी20 विश्व कप खिताब जीतने में भारत की सफलता के पीछे असली कारण बताया।

रोहित ने हालांकि विश्व क्रिकेट को चेतावनी देते हुए स्वीकार किया कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी यही परिणाम दोहराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

पाकिस्तान- बांग्लादेश

## मोहम्मद रिजवान के साथ साऊद शकील भी चमके



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और साऊद शकील ने मिलकर टीम को संभालने का काम किया। पहली पारी में पहले रिजवान ने और उसके कुछ देर के बाद ही साऊद शकील ने भी शतक ठोक दिया। रिजवान ने जहां अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का तीसरा शतक लगाया तो वहीं ये साऊद शकील के भी टेस्ट क्रिकेट करियर का तीसरा शतक रहा।

टेस्ट प्रारूप में रिजवान ने श्रीलंका के खिलाफ पहला शतक लगाने का कमाल किया तो वहीं साऊद शकील का ये इस टीम के खिलाफ दूसरा शतक रहा। इससे पहले साऊद शकील ने श्रीलंका के खिलाफ 2023 में नाबाद 208 रन की पारी खेली थी। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में पाकिस्तान के पहले 4 विकेट 114 रन पर गिर गए थे, लेकिन शकील और रिजवान ने मिलकर पारी को संभालने का काम किया। साऊद शकील ने अपनी टीम के लिए इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले की पहली पारी में अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का तीसरा शतक 195 गेंदों पर पूरा किया। इस दौरान शकील ने 5 चौके लगाए और उनकी बल्लेबाजी काफी धैर्यभरी रही।

इस मैच में पाकिस्तान के 4 शीर्ष बल्लेबाजों में से तीन बैट्समैन का बुरा हाल रहा और वो दहाई का अंक भी नहीं छू पाए। पहली पारी में अबदुल्लाह शफीक ने दो रन जबकि कप्तान शान मसूद 6 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं बाबर आजम तो खाता भी नहीं खोल पाए और 2 गेंदों का सामना करते हुए जीरो पर आउट हो गए।

चैम्पियनशिप ट्राफी-2025

## ससेक्स ने चेतेश्वर पुजारा से खत्म किया करार, इस ऑस्ट्रेलियाई से मिलाया हाथ



**लंदन, एजेंसी।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ह्यूज अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स इस काउंटी टीम की तरफ से चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में खेलेंगे। पुजारा 2024 में लगातार तीसरी बार ससेक्स की तरफ से खेले थे। उन्होंने ह्यूज की वापसी से पहले पहले सात चैंपियनशिप मैच खेले।

ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'चेतेश्वर से करार खत्म करना आसान काम नहीं था लेकिन डेनियल हमारी जरूरत के अनुरूप टीम में फिट बैठे हैं और हमें खुशी है कि वह अगले पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। ह्यूज ने इस साल के ब्लास्ट के ग्रुप चरण में 43.07 की औसत से 560 रन बनाए जिसमें पांच अर्द्धशतक शामिल है। उनका उच्चतम स्कोर 96 रन रहा। वह वर्तमान सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के बाकी बचे पांच मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।




# टीम इंडिया में इन 4 खिलाडियों का अगले 10 टेस्ट में खेलना तय

*बाकी के बीच जगह पाने के लिए होगी जंग*

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के श्रीलंका दौरे की समाप्ति के बाद करीब डेढ़ महीने से ज्यादा का ब्रेक मिला है.

इस ब्रेक के बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच खेलेगी. कुल मिलाकर भारतीय क्रिकेट टीम को 111 दिनों के अंदर 10 टेस्ट खेलने हैं. ऐसे में सबसे ज्यादा सवाल टीम इंडिया के सेलेक्शन को लेकर होंगे. क्योंकि आने वाले 10 टेस्ट से ही भारतीय टीम का वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने का रास्ता तय करेंगे. इन मुकाबलों में भारतीय टीम को शानदार प्रदर्शन करना होगा. ऐसे में टीम इंडिया में टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से कौन से खिलाड़ी खेलेंगे इस पर खूब जंग देखने को मिलेगी.

सूत्रों ने बताया कि कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन का खेलना अगले 10 टेस्ट में तय है. वहीं, अन्य खिलाड़ियों का चयन दलीप ट्रॉफी के प्रदर्शन के आधार पर होगा.

दलीप ट्रॉफी का आगाज 5 सितंबर को होगा. इसमें 4 टीमें उतरेंगी. विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन को इस टूर्नामेंट में खेलने से छूट मिली है. यानी यह टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे. लेकिन यह चारों ही खिलाड़ी आने वाले 10 टेस्ट में निश्चित तौर पर खेलते हुए दिखेंगे.

सूत्रों ने यह भी बताया कि चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर इन खिलाडियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे. वहीं, अन्य सेलेक्टर्स शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, सलिल अंकोला, श्रीधरन शरथ मैदान में जाकर भी खिलाडियों का प्रदर्शन भापेंगे. ऐसे में दलीप ट्रॉफी के मैच खिलाडियों का प्रदर्शन ग्राउंड पर भी जाकर देखते हुए नजर आएंगे.

रिकॉर्ड :

## रोनाल्डो ने बनाया एक और विश्व रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बुधवार को अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार के फैंस उनके चैनल की सदस्यता लेने और वह किस तरह से अपना जीवन जीते हैं, यह जानने के लिए यूट्यूब पर उमड़ पड़े। फैंस की उत्सुकता इतनी ज्यादा थी कि रोनाल्डो ने सबसे तेज एक मिलियन यानी 10 लाख ग्राहकों के लिए यूट्यूब का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि महज 90 मिनट में हासिल की।

खबर लिखे जाने तक रोनाल्डो के चैनल पर 13 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर्स हो चुके हैं। फुटबॉल स्टार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से अपने यूट्यूब चैनल की शुरुआत की घोषणा की थी, जहां उनके बड़े पैमाने पर फॉलोअर्स हैं। रोनाल्डो के एक्स प्लेटफॉर्म पर 112.5 मिलियन, फेसबुक पर 170 मिलियन और इंस्टाग्राम पर 636 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

रोनाल्डो ने चैनल लॉन्च का एलान करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, इंतजार खत्म हो गया है। मेरा यूट्यूब चैनल आखिरकार जारी हो चुका है! इस नई यात्रा पर मेरे साथ जुड़ें। अपना पहला वीडियो पोस्ट करने के कुछ घंटों बाद, 1.69 मिलियन फैंस चैनल को सब्सक्राइब कर चुके थे। रोनाल्डो के इस वीडियो को 90 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। 24 घंटे में रोनाल्डो को गोल्डन प्ले बटन भी मिल गया। उन्होंने अपने बच्चों को गोल्डन प्ले बटन दिखाया तो सभी झूम उठे। इसका वीडियो उन्होंने एक्स पर शेयर किया है।

मेसी से ज्यादा रोनाल्डो के सब्सक्राइबर्स

रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी और इंटर मियामी से खेलने वाले अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी का भी एक यूट्यूब चैनल है और उनके 2.27 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं। मेसी ने इसे 2006 में लॉन्च किया गया था।

## जसप्रीत बुमराह इस समय तीनों फॉर्मेट के किंग: टिम साउदी

**मुंबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पुरुष टेस्ट कप्तान टिम साउदी ने कहा है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है। पीठ की चोट से वापसी के बाद उन्होंने और बेहतर प्रदर्शन किया है।



चोट के कारण भारतीय तेज गेंदबाजी के लीडर करीब 11 महीने तक खेल से दूर थे। साउदी ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे ऐसे क्रिकेट स्टार हैं, जिन्होंने बुमराह को दुनिया का शानदार ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज बताया है।

पिछले साल के वनडे विश्व कप में पूरी तरह फिट होकर लौटे बुमराह ने 20 विकेट लिए थे, और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में 19 विकेट झटके थे। इसके बाद जून में टी20 विश्व कप में उन्होंने 4.17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे और टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई।

ओलंपिक :

## पेरिस ओलंपिक में हिस्सा वाली 24 साल की इस भारतीय एथलीट ने छोड़ा टेबल टेनिस, अब यूएस में करेंगी पढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्चना के ओलंपिक के लिए चयन को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, लेकिन उन्होंने विवाद पर ध्यान देने की बजाय अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। अर्चना को टीओपी, ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) और अन्य प्रायोजकों का समर्थन प्राप्त है।

भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी अर्चना कामथ ने हाल ही में पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था। अब वह इस खेल को छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने यूएस जाने का फैसला लिया है। यह घटना हैरान करने वाली है, क्योंकि अर्चना ने पेरिस ओलंपिक में महिला टीम के साथ इतिहास रचा था। भारत की महिला टेबल टेनिस टीम पहली बार ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही थी। क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया को जर्मनी के हाथों हार मिली थी, जहां अर्चना कामथ एकमात्र पैडलर थीं जिन्होंने एक गेम जीता था। भारत यह मैच 1-3 से हार गया था और



प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अब 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों में पदक की कोई गारंटी नहीं होने के कारण युवा पैडलर अर्चना ने पेशेवर रूप से टेबल टेनिस छोड़ने का फैसला किया है।

पेरिस खेलों से स्वदेश लौटने के बाद अर्चना कामथ ने अपने कोच अंशुल गर्ग से अगले खेलों में पदक हासिल करने की संभावनाओं के बारे में ईमानदार बातचीत की थी। अर्चना के रुख से स्तब्ध कोच ने ईमानदारी से जवाब देने का फैसला किया। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया- मैंने उनसे कहा कि यह मुश्किल है। इसमें बहुत मेहनत लगेगी।

# नीरज चोपड़ा के रजत पदक जीतने से प्रेरणा ले रहे हैं सुमित अंतिल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस में आगामी पैरालंपिक में सभी की निगाहें भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल पर होंगी। टोक्यो 2020 चैंपियन का लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा और उन्हें विश्वास है कि वह अच्छे परिणाम के साथ लौटेंगे।अंतिल, जो 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में 84 सदस्यीय भारतीय दल के दो ध्वजवाहकों में से एक होंगे, ने कहा कि वह पेरिस में स्टेड डी फ्रांस में नीरज चोपड़ा के रजत पदक जीतने के प्रयास से प्रेरणा ले रहे हैं। टोक्यो के प्रदर्शन को दोहराने के बारे में आश्वस्त अंतिल ने कहा कि चोपड़ा ने पेरिस पैरालंपिक में से पहले एक सरल सलाह साझा की थी।

अंतिल ने एसएआई मीडिया से कहा, नीरज भाई का 89.45 मीटर थ्रो एक बेहतरीन प्रयास था। यह उनके सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और यह उनके चोटिल होने के बाद आया। यह उस आदमी के बारे में बहुत कुछ कहता है। नीरज भाई कहते हैं कि मुझे कुछ भी नया करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और सिर्फ शांत और स्थिर रहकर अपनी तैयारी पर भरोसा करना चाहिए।

हरियाणा का हट्टा-कट्टा भाला फेंकने वाला एथलीट पैरालंपिक में खुद को चुनौती देगा। टोक्यो में, अंतिल ने तीन बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और 68.55 मीटर के अपने अंतिम प्रयास ने उन्हें एफ-64 श्रेणी (निचले अंगों में समस्याओं वाले एथलीट, या कृत्रिम अंग के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले या पैर की लंबाई से प्रभावित एथलीट) में स्वर्ण पदक दिलाया। आत्मविश्वास के बावजूद, भाला कभी भी चोट का कारण बन सकता है और अंतिल को पीठ की चोट थी जिसके पेरिस में प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ठीक होने की उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, हम इस समय चोटों को लेकर काफी सचेत हैं। यह हमारे थ्रो पर प्रभाव डालता है। अभी मेरी पीठ में हल्की चोट है और मैं नहीं चाहता कि इसका असर पेरिस में मेरे प्रदर्शन पर पड़े। इसके अलावा मेरी तैयारी अच्छी रही है और मैं अच्छे परिणाम के साथ वापसी करने की कोशिश करूंगा।



## दीप्ति की प्रतिभा और समर्पण का सम्मान किया जाना चाहिए: मिताली राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज ने लंदन स्पिरिट को 2024 विमेंस हंड्रेड का खिताब दिलाने में साहसिक प्रदर्शन के लिए दीप्ति शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑलराउंडर अपनी प्रतिभा खेल में समर्पण के लिए दूर-दूर तक जश्न मनाने तथा सम्मान किये जाने की हकदार है।

घायल ग्रेस हैरिस के बाहर होने के बाद दीप्ति टीम में प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में आई और अंततः लॉर्ड्स में वेल्श फायर पर जीत के साथ स्पिरिट को अपना पहला खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने फाइनल में लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगाकर विजयी रन भी बनाया, जब स्पिरिट को चैंपियनशिप जीतने के लिए आखिरी तीन गेंदों पर चार रन की जरूरत थी।

मिताली ने कहा, हम अक्सर कुछ खिलाड़ियों की प्रतिभा को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन इस खिलाड़ी की प्रतिभा और समर्पण का दूर-दूर तक जश्न मनाया जाना चाहिए। सितारों से भरी दुनिया में, दीप्ति अपने अनोखे तरीके से चमकती हैं। जब दीप्ति शर्मा ने द हंड्रेड फ़ाइनल में वह मैच जिताऊ छक्का लगाया, तो यह अत्यंत प्रतिभा का क्षण था।



## कमाई में हार्दिक पांड्या को पछाड़ देंगे नीरज चोपड़ा!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा और मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत का नाम रोशन किया था. नीरज ने जैवलिन थ्रो के इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था, जबकि शूटिंग क्वीन मनु भाकर ने दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए थे. मनु तीसरा ब्रॉन्ज मेडल जीतने से सिर्फ एक कदम दूर रह गई थीं.

अब सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा कमाई के मामले में भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को छोड़ते हुए दिख रहे हैं. वहीं शूटर मनु भाकर की भी कमाई में चार चांद लगने की खबर है. इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट की मानें तो वित्तीय सलाहकार फर्म क्रोल के आंकड़ों के आधार पर नीरज चोपड़ा की वैल्यू में मोटी बढ़ोत्तरी होगी.

रिपोर्ट के मुताबिक नीरज की वैल्यू 29.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 248 करोड़ भारतीय रुपये) से बढ़कर 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 330 करोड़ भारतीय रुपये) हो जाएगी. आगे बताया गया कि ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा की वैल्यू (पैसों की) हार्दिक पांड्या के बराबर थी, लेकिन उम्मीद है कि नीरज अब हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ देंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### लापता लोगों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पर हस्ताक्षर करेगा बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में 30 अगस्त से पहले लापता हुए लोगों को लेकर बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहा है। अंतरिम सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि अपदस्थ शेख हसीना सरकार के शासनकाल के दौरान कई लोगों को अगवा किया गया था। मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने विदेश सेवा अकादमी में संवाददाताओं से कहा कि अंतरिम सरकार मामले में आयोग बनाने पर भी विचार कर रही है।

### भारत समेत 35 देशों के नागरिक कर सकेंगे श्रीलंका की वीजा मुक्त यात्रा

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका सरकार ने 35 देशों के नागरिकों के लिए छह महीने के लिए अपने देश में वीजा-मुक्त प्रवेश की घोषणा की है। सूची में भारत, ब्रिटेन, चीन, अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, पोलैंड, कजाकिस्तान, सऊदी अरब, यूएई, नेपाल, इंडोनेशिया, रूस, मलयेशिया, जापान, फ्रांस, कनाडा, चेक गणराज्य, इटली, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, इस्राइल, बेलारूस, ईरान, स्वीडन, द. कोरिया, कतर, ओमान, बहरीन, थाईलैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं।

### कांगो में मंकीपॉक्स के 1,000 से ज्यादा नए मामले

**किन्शासा, एजेंसी।** अफ्रीकी देश कांगो में मंगलवार को समाप्त हुए सप्ताह में 1,000 से अधिक मंकीपॉक्स के नए मामले सामने आए। अफ्रीकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बीमारी के बढ़ते खतरे से लड़ने के लिए टीकों की मांग की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीका में मंकीपॉक्स के प्रकोप को वैश्विक आपातकाल घोषित कर दिया है। 54 अफ्रीकी देशों में से 12 देशों में एमपॉक्स के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। अफ्रीका रोग नियंत्रण व रोकथाम केंद्र ने बताया कि मौजूदा वर्ष में कुल 18,910 मामलों में से 94 प्रतिशत या 17,794 मामले अकेले कांगो में सामने आए हैं। इस साल इससे 541 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 535 मौतें कांगो में हुई हैं।

### हत्या के मामले में महिला को 11 साल जेल की सजा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका में एक 24 वर्षीय महिला को एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। हत्या करने वाली महिला का दावा है कि मृतक ने उसकी तस्करी की थी। महिला की पहचान क्रिस्टुल किजर के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को सजा सुनाई गई। सजा के 11 साल में से 570 दिन कम किए गए हैं क्योंकि इतना समय किजर ने मुकदमे की प्रतिक्षा में बिताया है। किजर ने 2018 में 34 वर्षीय रान्डेल वोलर को उनके केनोशा, विस्कॉन्सिन स्थित घर में गोली मार दी थी, जब वह 17 वर्ष की थीं। उसने उसके सिर में गोली मारी, उसके घर को जला दिया और उसकी बीएमडबल्यू चुरा ली। किजर 16 साल की थीं जब वोलर से उनकी मुलाकात हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि वोलर ने कई बार उनका यौन शोषण किया और उसे यौन शोषण के उद्देश्य से बेच दिया था।

### बाघ के बाड़े में घुसी महिला, मुश्किल से बची जान

**न्यू जर्सी , एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दरअसल वहां की एक महिला रविवार को दोपहर 2 बजे के आसपास न्यू जर्सी के कोहनज़िक चिड़ियाघर में बंगाल टाइगर के बाड़े में पहुंच गई। ब्रिजटन पुलिस विभाग के अनुसार, उसने बाघ को छूने की कोशिश की, इस दौरान बाघ ने महिला को काटने की कोशिश भी की। हालांकि इस दौरान दोनों के बीच एक पतली जाली थी। अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में, महिला जंगली जानवर के बाड़े में हाथ डालने की कोशिश करती हुई दिखाई दे रही थी। बाघ ने उस पर लगभग हमला कर ही दिया था और वह महिला का हाथ काटने की कोशिश कर रहा था। फिर वह तेज़ी से पीछे हट गई।

### तुर्की ने बुल्गारिया की सीमा के पास 32 अवैध प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की पुलिस ने बुधवार कोबुल्गारिया की सीमा के पास उत्तर-पश्चिमी प्रांत किर्कलारेली में 32 अवैध प्रवासियों को पकड़ा। यह जानकारी एक सरकारी चैनल ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी चैनल टीआरटी के हवाले से बताया कि उन्हें पिनार हिसार जिले के निकट एक प्रवर्तन अभियान के दौरान हिरासत में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रूकने का इशारा किया, जिसने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया और भागने लगा। इसके बाद उसे बुल्गारिया के डेरेकोय सीमा द्वार तक पीछा कर गिरफ्तार कर लिया गया। पीछा करने के बाद पुलिस ने ट्रक को रोका। इस दौरान ट्रक के पिछले हिस्से में विभिन्न देशों के 32 प्रवासी छिपे हुए थे। इसके बाद प्रवासियों को प्रांतीय सुरक्षा निदेशालय के प्रवासी तस्करी विरोधी विभाग में ले जाया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स से यह भी पता चलता है कि हिरासत में लिया गया ट्रक ड्राइवर दो अलग-अलग अपराधों के लिए वांछित है। बता दें कि किर्कलारेली हाल ही में बुल्गारिया के रास्ते अवैध रूप से यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले अनियमित प्रवासियों के लिए पसंदीदा मार्ग बन गया है। मानव तस्करी से निपटने के लिए पुलिस अक्सर इस मार्ग के प्रमुख बिंदुओं पर जांच करती है।

# हत्या की कोशिश के बाद एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप की आउटडोर रैली




**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने की हत्या के प्रयास के बाद पहली बार उत्तरी कैरोलिना में राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए अपनी आउटडोर रैली की। यह कार्यक्रम डेमोक्रेट्स के राष्ट्रीय सम्मेलन से ध्यान हटाने के उद्देश्य से उनके सप्ताह भर के दौरे का हिस्सा है। नॉर्थ कैरोलिना एविएशन म्यूजियम एंड हॉल ऑफ फेम में ट्रंप ने घोषणा की, अब से 76 दिन बाद, हम इस राज्य को जीतने जा रहे हैं और हम व्हाइट हाउस को जीतने जा रहे हैं।

ट्रंप का भाषण बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे हुआ, जिसमें स्टोरेज कंटेनर और स्नाइपर्स अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करते थे। इस स्थल पर पुराने विमान और क्रेन से लटका हुआ एक बड़ा अमेरिकी झंडा था। यह रैली शिकागो में होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के खिलाफ कई काउंटरप्रोग्रामिंग इवेंट में से एक है।

**नीति पर ध्यान केंद्रित करें :** राष्ट्रपति जो बिडेन के दौड़ से बाहर होने के बाद, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ़ चुनाव लड़ने के लिए तैयार होने के दौरान सहयोगी ट्रंप से व्यक्तिगत हमलों के बजाय नीति पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह कर रहे हैं। मंगलवार की रात, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने सम्मेलन के दौरान ट्रंप की आलोचना की और उन्हें नाम से पुकारा। मिशेल ओबामा ने अपने भाषण में कहा, दुनिया के बारे में उनके सीमित और संकीर्ण दृष्टिकोण ने उन्हें दो मेहनती, उच्च शिक्षित, सफल लोगों के अस्तित्व से ख़तरा महसूस कराया, जो संयोग से अश्वेत हैं। उन्होंने जून में एक बहस में ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणी का भी संदर्भ दिया- कौन उन्हें बताएगा कि जिस नौकरी की वे वर्तमान में तलाश कर रहे हैं, वह शायद अश्वेतों की नौकरियों में से एक हो?

**ओबामा की आलोचना :** बराक ओबामा ने भीड़ के आकार के प्रति ट्रंप के जुनून का मज़ाक उड़ाया और उन्हें एक 78 वर्षीय अरबपति कहा, जिसने नौ साल पहले अपने सुनहरे एस्केलेटर से उतरने के बाद से अपनी समस्याओं के बारे में रोना बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हैरिस से हारने के डर के कारण ट्रंप की शिकायतें और भी बढ़ गई हैं। ट्रंप के साथ उनके साथी सीनेटर जेडी वेंस भी थे, जिन्होंने हैरिस की आलोचना करते हुए कहा कि हैरिस को मतदाताओं के बजाय सत्ता के दलालों ने चुना है। वेंस ने उपराष्ट्रपति पद के लिए हैरिस के उम्मीदवार मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज़ पर भी हमला किया, क्योंकि उन्होंने अपने सैन्य सेवा रिकॉर्ड को गलत तरीके से पेश किया और इराक में अपनी यूनिट की तैनाती से पहले ही सेवानिवृत्त हो गए।

**युद्धभूमि राज्य :** रिपब्लिकन प्राइमरी के बाद से ट्रम्प अपने अभियान के सबसे व्यस्त सप्ताह में युद्ध के मैदान वाले राज्यों का दौरा कर रहे हैं। इस साल के चुनाव में उत्तरी कैरोलिना के महत्व को दर्शाते हुए, यह यात्रा ट्रम्प की एक सप्ताह के भीतर राज्य की दूसरी यात्रा है। पिछले बुधवार को उन्होंने उत्तरी कैरोलिना के एशविले में अर्थव्यवस्था पर बात की। नॉर्थ कैरोलिना ट्रम्प के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने 2016 में इसे आसानी से जीता था और चार साल पहले इसी सीट से उन्हें राज्यव्यापी जीत का सबसे करीबी अंतर मिला था। इस राज्य को एक बार फिर 2024 के लिए एक महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्र माना जा रहा है। ट्रम्प के आगमन से पहले, उनके विमान ने रैली स्थल के ऊपर से उड़ान भरी, जिससे भीड़ में खुशी की लहर दौड़ गई। 68 वर्षीय सेवानिवृत्त फ्लाइट अटेंडेंट और निजी पायलट एडना रयान ने ट्रम्प की संभावनाओं के बारे में आशा व्यक्त की, लेकिन ताकत की आवश्यकता पर जोर दिया- हमें मजबूत होने की आवश्यकता है क्योंकि अन्यथा हमें बहुत पछताना पड़ेगा।

उत्तरी कैरोलिना के हिकोरी की एक सेवानिवृत्त व्यवसायी लीसा वॉट्स अपनी पांचवीं ट्रम्प रैली में भाग ले रही हैं, जो हैरिस के खिलाफ ट्रम्प की दौड़ के बारे में सकारात्मक महसूस करती हैं। एक महीने पहले उन्होंने कभी उनका नाम नहीं लिया और अब वह देश के लिए उद्धारकर्ता जैसी हैं, वॉट्स ने कहा। उन्हें हैरिस के रिकॉर्ड के आधार पर देश चलाने के लिए उनकी तत्परता पर संदेह है।

## अमेरिका में गूंजा ओम शांति शांति... डेमोक्रेटिक पार्टी के आयोजन में हिंदू पुजारी का भाषण




**शिकागो, एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के तीसरे दिन एक हिंदू पुजारी ने ने पहला भाषण दिया। इस दौरान पूरा हॉल ओम शांति शांति के नारे गूंज उठा। इस दौरान मैरीलैंड के एक मंदिर के पुजारी राकेश भट्ट ने अमेरिका की एकता के लिए आशीर्वाद मांगते हुए वैदिक प्रार्थना की। राकेश भट्ट ने अपने भाषण के दौरान कहा, भले ही हमारे बीच मतभेद हों लेकिन जब राष्ट्र की बात आती है तो हमें एकजुट होना चाहिए। हमें एकमत होना चाहिए।

हमें एक साथ सोचना चाहिए। यह सब समाज की बेहतरी के लिए है। गुरुवार को कमला हैरिस के भाषण से पहले मंच संभालते हुए राकेश भट्ट ने अमेरिका के लोगों से एक ऐसे नेता को चुनने की अपील की जो 'वसुधैव कुटुम्बकम की वैदिक परंपरा में विश्वास करता हो। राकेश भट्ट मैरीलैंड के श्री शिव विष्णु मंदिर में पुजारी हैं। वह भारतीय मूल के हैं जो बेंगलुरु से अमेरिका जाकर बस गए थे। वह हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और तुलु भाषा के जानकर हैं और उनके पास तीन भाषाओं संस्कृत, अंग्रेजी और कन्नड़ में स्नातक और मास्टर की डिग्री है। 'डेमोक्रेटिक पार्टी समावेशिता और विविधता के लिए प्रतिबद्ध है' डेमोक्रेटिक पार्टी के डिप्टी नेशनल फाइनेंस चेयर अजय भूतोरिया ने इस बारे में एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, यह एक महत्वपूर्ण क्षण है जो दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी समावेशिता और विविधता के लिए प्रतिबद्ध है। अजय भूतोरिया ने आगे कहा, भारतीय अमेरिकी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को इतने बड़े मंच पर सम्मानित होते देखना उत्साहजनक है। यह क्षण अमेरिकी समाज के भीतर हमारे समुदाय के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

## रूस के ब्रांस्क में यूक्रेनी सेना की घुसपैठ की कोशिश नाकाम, रूसी गवर्नर का दावा

**मॉस्को , एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच ब्रांस्क में यूक्रेनी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की, जिसे रूसी सेना ने नाकाम कर दिया है। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने अपने टेलीग्राम चैनल पर इसकी जानकारी दी है। गवर्नर अलेक्जेंडर ने बुधवार को कहा, रूस ने ब्रांस्क क्षेत्र के क्लिमोव्स्की में यूक्रेनी सेना द्वारा की गई घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। संघीय सुरक्षा सेवा और रूसी सशस्त्र बलों की यूनिटों ने उनकी घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम किया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने गवर्नर के हवाले से बताया कि घुसपैठ के दौरान यूक्रेनी समूह को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, युद्ध स्थल पर स्थिति अब स्थिर है और क्षेत्र का नियंत्रण सेना के हाथों में है। इस बीच, रूस ने यूक्रेनी सेना के हमलों के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य समूह बनाए हैं। इससे पहले, यूक्रेन ने 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक सैन्य अभियान शुरू किया था। उन्होंने दावा किया था कि उसने 1,250 वर्ग किलोमीटर से अधिक रूसी क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। साथ ही पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में 92 बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है। वहीं, यूक्रेन के दावे पर रूस के एक अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन के सैनिक, रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अपनी स्थिति को बदल रहे हैं।

# बांग्लादेश में स्थितियां समान्य हो रहीं, मुख्य सलाहकार के सहयोगी बोले- निष्पक्ष चुनाव होंगे

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के सहयोगी का कहना है कि देश में स्थितियां काफी हद तक सामान्य हो गई हैं। हालांकि अभी भी बहुत सी चुनौतियां हैं। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने जोर देते हुए कहा कि हिंसा प्रभावित देश में पूरी तरह से स्थिति सुधरने के बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होंगे।

मीडिया से बात करते हुए शफीकुल आलम ने कहा कि अंतरिम सरकार की प्राथमिकता देश में कानून व्यवस्था को बहाल करना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। अंतरिम सरकार ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के तहत सभी 50 पुलिस स्टेशनों के प्रमुखों का तबादला कर दिया गया है। आलम से बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आप ढाका या औद्योगिक क्षेत्र के बाहर ग्रामीण इलाकों या शहरों जैसे सभी स्थानों का दौरा करें, आप स्थिति को स्वयं देखें और निर्णय करें कि यह सामान्य है या नहीं।' उन्होंने आगे कहा कि हमें लगता है कि स्थिति सामान्य के करीब हैं हालांकि कुछ चुनौतियां भी हैं। प्रेस सचिव ने कहा कि बांग्लादेश में बड़े सुधार किए जाने के बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होंगे।

**बांग्लादेश में अब तक 600 से ज्यादा लोगों की मौत :** शेख हसीना सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में बांग्लादेश में 230 से अधिक लोग मारे गए, जिससे सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ जुलाई के मध्य में छात्रों की तरफ से शुरू किए गए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद से मरने वालों की संख्या 600 से अधिक हो गई। हिंसा के बाद पर्यटन उद्योग को हुआ नुकसान बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद हुई हिंसा से देश के पर्यटन उद्योग को बड़ा नुकसान हुआ है। पिछले एक महीने से मेहमान न आने के चलते होटलों में कमरे खाली पड़े हैं। पर्यटन उद्योग से जुड़े कर्मचारियों का बुरा हाल है।



# तियानमेन कार्यकर्ता पर तांग पर अमेरिका में चीन के लिए जासूसी का आरोप

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने तियानमेन स्क्वायर के पूर्व लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता युआनजुन तांग पर चीन के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। तांग, जो कभी चीन में लोकतंत्र की मांग के लिए तियानमेन स्क्वायर पर प्रदर्शन करने वालों में से थे, अब चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय के लिए गुप्त रूप से काम करने के आरोप में घिरे हैं।

अभियोजन के अनुसार, तांग ने 2018 में एक चीनी खुफिया अधिकारी के साथ सहयोग करना शुरू किया। यह दावा किया गया है कि तांग ने अमेरिका में स्थित लोकतंत्र समर्थक समूहों पर नजर रखी और उनकी गतिविधियों की जानकारी उस खुफिया अधिकारी को भेजी। तांग पर आरोप है कि उन्होंने न केवल अमेरिका में हो रहे लोकतंत्र समर्थक कार्यक्रमों की जानकारी साझा की, बल्कि एक चीनी असंतुष्ट की कांग्रेस की चुनावी मुहिम से जुड़ी गोपनीय जानकारी भी उस अधिकारी को दी। तांग के इस कथित सहयोग के पीछे का कारण भी खुलासा हुआ है। अदालत के दस्तावेजों में बताया गया है कि तांग को चीन में अपने परिवार से पुनः मिलाने का वादा किया गया था, जिसके बदले में उन्होंने यह जासूसी की। अब तांग पर अमेरिकी न्याय प्रणाली के तहत जासूसी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला दोनों देशों के बीच पहले से तनावपूर्ण संबंधों को और बढ़ा सकता है। यह एक महत्वपूर्ण मामला है क्योंकि यह दर्शाता है कि कैसे चीन अपनी घरेलू असंतुष्टों पर नज़र रखने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहा है। तांग का यह मामला न केवल अमेरिका में रहने वाले चीनी असंतुष्टों के लिए, बल्कि विश्वभर में लोकतंत्र समर्थकों के लिए भी एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।






# टिम वाल्ज ने स्वीकारा डेमोक्रेट पार्टी से उपराष्ट्रपति पद का नामांकन, बोले- हम आपकी आजादी के लिए लड़ेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** टिम वाल्ज ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेशनल कन्वेंशन में उपराष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार कर लिया है। नामांकन स्वीकार करने के बाद अपने संबोधन में टिम वाल्ज ने कमला हैरिस का धन्यवाद दिया और कहा कि कमला हैरिस ने उन पर विश्वास दिखाया, इसके लिए वह उनके आभारी हैं। वाल्ज ने राष्ट्रपति जो बाइडन को भी धन्यवाद दिया।

**सिर्फ अमीरों के लिए काम करना चाहते हैं रिपब्लिकन :** टिम वाल्ज ने कहा कि वह चाहते हैं कि अमेरिकी लोगों के लिए आजादी रहे और लोग अपने जीवन को बेहतर कर सकें। लोगों को इस बात की चिंता नहीं रहनी चाहिए कि उनके बच्चों को स्कूल में गोली मारी जा सकती है। वाल्ज ने आरोप लगाया कि रिपब्लिकन का एजेंडा है कि वह सिर्फ अमीर लोगों की सेवा करें और वह मुश्किल में फंसे हमारे पड़ोसी देशों की मदद नहीं करना चाहते। वाल्ज ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए कमला हैरिस और मैं आपके लिए लड़ेंगे और आपकी आजादी के लिए लड़ेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वाल्ज का सामना रिपब्लिकन पार्टी के जेडी वेंस के साथ होगा। जेडी वेंस लगातार टिम वाल्ज की सैन्य पृष्ठभूमि पर सवाल उठा रहे हैं। वेंस का आरोप है कि वाल्ज ने किसी युद्ध में हिस्सा नहीं लिया है।

**वाल्ज से पहले पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने दिया संबोधन :** पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने कहा कि 2024 में हम इस बात को लेकर साफ हैं कि कमला हैरिस लोगों के बारे में सोचती हैं और ट्रंप सिर्फ अपने बारे में। कमला हैरिस लोगों की समस्या सुलझाने के लिए काम करती हैं और वे लोग (ट्रंप) सिर्फ अपने सपनों को पूरा करने में लगे हैं। डोनाल्ड ट्रंप बदले और साजिशों की राजनीति करते हैं। बिल क्लिंटन ने कमला हैरिस को प्रेसिडेंट ऑफ जॉय (आनंद की अध्यक्ष) बताया। अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति रहे बिल क्लिंटन ने कहा कि वह चाहते हैं कि अमेरिका और समावेशी और भविष्य केंद्रित बने।



# एक कैंची की खोज में हवाई अड्डे पर मचा हड़कंप ! 36 उड़ानें रद्द व 200 से अधिक लेट, हजारों यात्री हुए परेशान

**टोक्यो, एजेंसी।** शनिवार को जापान के न्यू चिटोस एयरपोर्ट पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक रिटेल आउटलेट से कैंची गायब होने की खबर सामने आई। इस अप्रत्याशित घटना के चलते एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 36 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 200 से अधिक उड़ानें देरी से चलीं। 1988 में खोला गया न्यू चिटोस एयरपोर्ट होक्काइडो का सबसे बड़ा और जापान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है।

**क्या है मामला :** एयरपोर्ट के अंदर स्थित एक रिटेल आउटलेट ने कैंची के गायब होने की सूचना दी, जिसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने इसे सुरक्षा का गंभीर मामला मानते हुए तुरंत कार्यवाही की। इस घटना के चलते सुरक्षा जांच को रोक दिया गया और पूरे एयरपोर्ट पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान एयरपोर्ट में आने वाले सभी यात्रियों की सुरक्षा जांच को कम से कम दो घंटे के लिए रोक दिया गया, जिससे एयरपोर्ट पर भारी भीड़ जमा हो गई। सुरक्षा जांच के निलंबन के कारण एयरपोर्ट पर लंबी कतारें लग गई और यात्रियों में भारी निराशा देखने को मिली। कई यात्रियों को उड़ानें रद्द होने के कारण एयरपोर्ट से वापस जाना पड़ा। जो यात्री उड़ान पकड़ने में सफल हुए, उन्हें भी काफी देरी का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और एयरपोर्ट प्रशासन से जवाब मांगा।

**गायब कैंची का पता चला, लेकिन समस्या बनी रही :** बाद में, गायब हुई कैंची उसी दुकान में पाई गई, जहां से उसके गायब होने की सूचना मिली थी। लेकिन, अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कैंची की पहचान की पुष्टि करने और इस घटना के संभावित खतरे का आकलन करने के लिए विस्तृत जांच जारी रखी। इस घटना को देखते हुए जापान के पर्यटन मंत्रालय ने भी जांच के आदेश दिए हैं। न्यू चिटोस एयरपोर्ट के एक प्रतिनिधि ने बीबीसी को बताया कि इस घटना को संभावित अपहरण या आतंकवादी हमले के रूप में भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और प्रबंधन की जागरूकता को और भी मजबूत किया जाए। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। यह एयरपोर्ट अपनी सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के लिए जाना जाता है। 2022 में, इस एयरपोर्ट ने 15 मिलियन से अधिक यात्रियों का स्वागत किया।





# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 23 अगस्त 2024 | 8


प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा जो मेडिटेशन सिखाया जाता है वह हर मानव के लिए उपयोगी है। यदि इसका नियमित अभ्यास करें तो मानव के अंदर श्रेष्ठ आचारी संस्कारों का निर्माण होता है ।



## मुख्यमंत्री बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

### कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 अगस्त को बसामन मामा गौवंश वन्य विहार पुर्वा में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ यादव इस अवसर पर यज्ञशाला में हवन-पूजन करेंगे तथा गौपूजन भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र की चल चित्र झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग का प्रसाद भी अर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर गौ सेवकों तथा जिले की उत्कृष्ट गौशालाओं के संचालकों का सम्मान करेंगे। वह बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में निर्मित गौशालाओं का भ्रमण भी करेंगे।

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित



श्रीकृष्ण पर्व में भगवान श्रीकृष्ण आख्यान की कला अभिव्यक्तियों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। आयोजन में प्रातः 10 बजे से सागर के कमलेश यादव एवं मयंक यादव और उनके साथियों द्वारा बरेदी लोकनृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर मुंबई के ख्यातिलब्ध कलाकार राजेश प्रसाद मिश्रा एवं उनके साथियों द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला परिसर में समतलीकरण कार्य, साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों तथा सजीव झांकी के प्रदर्शन के विषय में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण आयोजन भक्तिपूर्ण वातावरण में गरिमामय ढंग से होगा। भगवान श्रीकृष्ण की कला अभिव्यक्तियों में जन्म से लेकर श्रीमद् भगवत गीता के संदेश का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के पास बनाए गए हेलीपैड तथा पार्किंग एरिया का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर एवं विवेक लाल, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी पर्व समारोह पूर्वक भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा

**रीवा।** शासन द्वारा जन्माष्टमी पर्व मनाये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जन्माष्टमी पर्व पर प्रत्येक जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों की साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के माध्यम से सभी शासकीय/अशासकीय स्कूल/कॉलेज में व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश के ऐसे स्थल जहां भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में जुड़े विशेष प्रसंग रहे हैं वहाँ प्रसंगों के अनुकूल जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने, शास्त्र सम्मत मंदिर निर्माण के स्थापत्य एवं उनकी विशिष्टियों को इन अवसरों पर प्रचारित प्रसारित करने, हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रसंगों/कथानकों/आख्यानों से सभी वर्गों को अवगत कराने तथा सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों/महाविद्यालयों में भारतीय विशिष्ट परंपराओं, योग आदि पर व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## खनिज मद से 13.83 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य प्रस्तावित

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में जिला खनिज मद से प्रस्तावित कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए 13 करोड़ 83 लाख रुपए के निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला समिति के सदस्यों सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष तथा महापौर नगर निगम द्वारा जिला खनिज मद से निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए कुल 9 करोड़ 22 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। राशि से डेढ़ गुना अधिक राशि के कार्य प्रस्तावित किए जा सकते हैं। जिसके अनुसार कुल 13 करोड़ 83 लाख रुपए के निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। सदस्यगणों द्वारा निर्धारित प्राथमिकता क्रम के अनुसार निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। खनिज मद से स्वीकृत कार्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना तथा अन्य योजनाओं से कन्वर्जेंस करके अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। सांसद क्षेत्र विकास निधि तथा विधायक क्षेत्र विकास निधि से भी इसमें कन्वर्जेंस किया जा सकता है। योजना के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार प्राथमिकता क्षेत्र में 60 प्रतिशत तथा अन्य



क्षेत्रों में 40 प्रतिशत राशि व्यय करने की अनुमति होगी।

बैठक में बताया गया कि विधानसभावार तथा क्षेत्रवार निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक में विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा तथा विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी राज ने खनिज मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह ने योजना के प्रावधानों तथा कार्यों की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, विधायक रीवा प्रतिनिधि श्री राजेश पाण्डेय, विधायक सिरमौर प्रतिनिधि श्री भूपेन्द्र सिंह तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद के प्रयासों से गंगेव विकासखण्ड में स्टेट फण्ड से 22 कार्य मंजूर

**रीवा।** सांसद श्री जनार्दन मिश्र के प्रयासों से स्टेट फण्ड से गंगेव विकासखण्ड में 22 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि गंगेव विकासखण्ड में ग्राम पंचायत पिपरवार में मुख्य मार्ग से पटेल बस्ती तक ग्रेवल रोड निर्माण, ग्राम पंचायत रामपुर में मुख्य मार्ग से बसुहारन बस्ती तक ग्रेवल रोड निर्माण, ग्राम पंचायत महमूदपुर में पीएमजीएसवाई रोड से आदिवासी बस्ती तक ग्रेवल रोड निर्माण तथा ग्राम कचूर में मुख्य मार्ग से अनुसूचित जनजाति बस्ती तक ग्रेवल सड़क का निर्माण शामिल है। डॉ सोनवणे ने बताया कि सांसद श्री मिश्र के प्रयासों से ग्राम पंचायत धोधकी में मुख्य मार्ग से नहर तक ग्रेवल रोड निर्माण, ग्राम पंचायत महमूदपुर के ग्राम कचूर में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, ग्राम मढ़ी खुर्द मुख्य मार्ग से छदहना तक सड़क निर्माण तथा बेलवा पैकान में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण शामिल है। गंगेव जनपद पंचायत में ही उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन दुअरा, कन्या शाला मनगवां में 8 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, ग्राम पंचायत बड़ोखर से मोहनिया तीन किलोमीटर डामरीकृत सड़क का निर्माण तथा हिनौती कोठार में जोरौट चौराहे से जगतीपुरवा सड़क तक 4.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है। इसी तरह ग्राम पंचायत बेलवा पैकान में लाला कुशवाहा के घर से 3.5 किलोमीटर ग्रेवल रोड का निर्माण, ग्राम तिवनी में पिपरवार तक तीन किलोमीटर ग्रेवल रोड का निर्माण तथा ग्राम पंचायत सुरसा में सुरसा से कटहा तक 2.20 किलोमीटर डब्ल्यूबीएम सड़क का निर्माण शामिल है। इसी जनपद में ग्राम पंचायत रमपुरवा में मुख्य मार्ग से स्कूल तक दो किलोमीटर ग्रेवल रोड निर्माण, ग्राम हटवा में स्कूल तक 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण, कन्या शाला लालगांव में 8 अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम कंदैला में धोधकी से छिपुला तक 4 किलोमीटर जीएसबी रोड का निर्माण तथा ग्राम कंदैला में ही अवधेश मिश्रा के घर से राजकुमार तिवारी के घर तक सड़क निर्माण शामिल है।

## श्रीकृष्ण पर्व पर कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में नृत्य नाटिका एवं भक्ति संगीत की होगी प्रस्तुति

**रीवा।** जन्माष्टमी के अवसर पर 26 अगस्त को श्रीकृष्ण पर्व आयोजन में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से श्री कृष्ण नृत्य नाटिका एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भोपाल के हरीश शर्मा एवं साथियों द्वारा श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी तथा मुंबई के राजेश प्रसाद मिश्रा एवं उनके दल द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## तत्काल हाँका दल तैनात कर सड़कों से गौवंश हटाएं : डॉ सोनवणे

**रीवा।** जिले के हाईवे तथा प्रमुख सड़कों से गौवंश एवं अन्य पशुओं को हटाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतें, राष्ट्रीय सड़क विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा पशुपालन विभाग मिलकर प्रमुख सड़कों में हाँका दल तैनात करें। इस दल में कम से कम छः श्रमिकों सहित अन्य कर्मचारी शामिल करें। प्रमुख सड़कों में प्रत्येक पाँच किलोमीटर पर दल तैनात करें। इन हाँका दलों के



सहयोग से सड़कों से गौवंश हटाने का कार्य तत्काल शुरू करें। सड़कों से हटाए गए गौवंश को आसपास की गौशालाओं अथवा अस्थायी रूप से बनाए गए बाड़े में सुरक्षित कराएं। इनमें गौवंश के लिए चारा, भूसा, पानी तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करें। सड़कों को पशुओं से पूरी तरह से खाली कराने तक यह अभियान जारी रहेगा। पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले पशुपालकों पर स्थानीय निकायों के माध्यम से जुर्माने की भी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि चोरहटा से हनुमना हाईवे में पाँच दल, मनगवाँ से चाकघाट में तीन दल, ढेकहा से सेमरिया में तीन दल तथा रीवा से डभौरा में पाँच दल तैनात किए जा रहे हैं। आवश्यकतानुसार दलों में वृद्धि की जाएगी। इन दलों द्वारा सड़कों से गौवंश गौशाला तक पहुंचाने की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाएगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्य में ग्राम पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा हाईवे पर टोल संचालित करने वाली एजेंसी से भी सहयोग लिया जाएगा। बीमार तथा असहाय गौवंश को सड़कों से हटाने के लिए शीघ्र ही दो वाहन भी खरीदे जा रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने विधायक मेंदोला के पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की



रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक श्री रमेश मेंदोला के इंदौर स्थित निवास पहुँचकर श्री मेंदोला के दिवंगत पिता श्री चिंतामणि मेंदोला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने श्रद्धा-सुमन अर्पित किये और दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही, शोक संतप्त परिजनों को ढांढस भी बंधाया। इस दौरान परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की ग्रामवार सूची उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जल जीवन मिशन से स्वीकृत समूह नलजल योजनाओं के निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर जिले की लगभग हर बसाहट में नल से जल की सुविधा हो जाएगी। इसके साथ-साथ लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भी एकल नलजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिले में स्वीकृत 427 एकल नलजल योजनाओं में से 237 का कार्य पूरा हो गया है। इन योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। जल जीवन मिशन के कार्यों की ग्रामवार सूची समिति के सभी सदस्यों को उपलब्ध कराएं जिससे प्रत्येक कार्य की समुचित मॉनीटरिंग की जा सके। शासन द्वारा निर्धारित तय समय सीमा में हर बसाहट में नल से जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समूह नलजल योजनाओं के निर्माण की प्रगति की सतत समीक्षा करें। अनुबंध के अनुसार तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरे कराएं। नलजल योजनाओं के पूरा होने में देरी का कारण सभी सदस्यों को अवगत कराएं। बैठक में विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा ने कहा कि निर्माण कार्यों के समय सीमा में पूरा कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है। केवल ठेकेदार पर जुर्माना लगाकर समस्या का समाधान नहीं होगा। नलजल योजनाओं का कार्य समय सीमा में पूरा कराकर आमजनता को पेयजल उपलब्ध कराएं। निर्माण कार्यों के लिए खोदी गई सड़कों का तत्काल रेनोवेशन कराएं। बैठक में विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में आएं। नलजल योजनाओं की स्वीकृति से लेकर उनकी पूर्णता तक का पूरा विवरण अवश्य दें। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। विधायक ने टंकियों के निर्माण, सड़कों में सुधार तथा पाइपलाइन बिछाने के संबंध में भी सुझाव दिए। बैठक में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने अधूरी नलजल योजनाओं को पूरा कराने तथा पूर्ण नलजल योजनाओं को पंचायतों को हैण्डओवर करने का सुझाव दिया। विधायक प्रतिनिधि रीवा श्री राजेश पाण्डेय ने कंदैला समूह नलजल योजना, बाणसागर-2 समूह नलजल योजना के संबंध में सुझाव दिए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सिरमौर श्री भूपेन्द्र सिंह ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में संचालित तथा निर्माणाधीन नलजल योजनाओं की ग्रामवार सूची देने की बात कही।

## कलेक्टर 27 अगस्त को करेंगी स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा

**रीवा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत मल कीचड़ प्रबंधन एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति की बैठक 27 अगस्त को प्रातः 11 बजे से नगर निगम सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करेंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## समाज को सुखी स्वस्थ और अपराध मुक्त बनाने में मेडिटेशन की भूमिका महत्वपूर्ण

**रीवा।** मानव जीवन प्रारंभ से ही शांति ,सद्भावना और मानवीय मूल्यों से सुखी ,स्वस्थ था ।कालांतर में समाजिक मूल्यों के और चरित्र का पतन होने से मानव बुराइयों का शिकार हो गया और इसी कारण समाज में आज पापाचार ,अत्याचार और अनेक प्रकार की विसंगतियां देखने को मिल रही हैं, । इन सभी दुर्गुणों को रोकने का यदि कहीं कारगर साधन है वह ध्यान और मेडिटेशन ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा जो मेडिटेशन सिखाया जाता है वह हर मानव के लिए उपयोगी है। यदि इसका का नियमित अभ्यास करें तो मानव के अंदर श्रेष्ठआचारी संस्कारों का निर्माण होता है ।सभी को नियमित मेडिटेशन करना चाहिए और समाज को सुखी स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, उक्त बातें केन्द्रीय जेल अधीक्षक एस के उपाध्याय ने केंद्रीय जेल रीवा में आयोजित रक्षाबंधन स्नेह मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे व्यक्त किया। आपने कहा जब जब समाज में पतन होता है तो शक्तिशाली और महान आत्माएं इसका उन्मूलन करती है। इस कार्यक्रम में राजयोगिनी बी के नर्मदा दीदी जी दम कुमारी संस्थान की क्षेत्रीय संचालिका रीवा ने सभी को चरित्र निर्माण हेतु आध्यात्मिक ज्ञान और योग के विषय पर विस्तार से संबोधित किया। केंद्रीय जेल रीवा के जेलर संजीव कुमार गेंदले ने सभी को नशा मुक्ति श्रेष्टाचारी बनने का संदेश दिया ।कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन बड़े ही सुरुचि रीति से प्रांतीय कलाकार संघ की अध्यक्ष केंद्रीय जेल रीवा के संगीत के वरिष्ठ शिक्षक श्री राजेश शुक्ला जी ने किया । इस अवसर पर सभी जेल की वरिष्ठ पदाधिकारी और स्टॉप मौजूद 500 से कैदियों को, माताओं बहनों को रक्षा सूत्र बांधकरके आध्यात्मिक संदेश ब्रह्मा कुमारी बहनों द्वारा दिया गया ।इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान से बीके नेहा बहन ,मानसी बहन , इंदु बहन ,बीके सुभाष भाई और बीके प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय उप चुनाव के लिए आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**रीवा।** नगरीय निकायों के उप चुनाव 2024 के लिए घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 तथा सिरमौर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 में निर्वाचन की प्रक्रिया आरंभ हो गयी है। रिक्त पदों के लिए नामांकन जमा किये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया है कि संबंधित वार्ड की सीमा क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। वर्णित क्षेत्र की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति, समूह था राजनैतिक या मेर राजनैतिक दल या अन्य आम सभा, जुलूस या प्रदर्शन लाउड स्पीकर का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व सहमति के नही करेंगे। कोई भी व्यक्ति/समूह/राजनैति, गैर राजनैतिक दल या अन्य किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन या घेराव, जुलूस, आमसभा, धरना या अन्य कार्यक्रम में यातायात अवरुद्ध नहीं करेंगे। लाउडस्पीकर पर उत्तेजक एवं भड़काऊ भाषणबाजी नही की जायेगी। किसी भी धर्म जाति आदि के विरुद्ध भाषणबाजी / नारेबाजी नही की जायेगी। सक्षम अधिकारी द्वारा दी गई अनुमति के अन्तर्गत ही नियत स्थल पर समयसीमा अन्तर्गत लाउडस्पीकर का उपयोग किया जायेगा। आदर्श आचरण संहिता के दौरान शराब, मादक पदार्थ, नगदराशि अथवा उपहार आदि का वितरण कर मतदाताओं को प्रलोभित नही किया जायेगा। सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना निर्धारित वैधानिक मात्रा से अधिक नगद राशि, कीमती आभूषण, मदिरा एवं अन्य सामग्री आदि का परिवहन नही किया जायेगा। किसी मतदाता को मतदान से वंचित करने/ मतदान के लिये रोकने का प्रयास नहीं किया जायेगा। आम सभा या जुलूस या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम दी गई अनुमति के अनुसार ही निर्धारित स्थल पर व समय सीमा अन्तर्गत आयोजित की जायेगी एवं जुलूसों का मार्ग दी गई अनुमति के अनुसार ही होगा। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति जिसमें शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति भी शामिल हैं, सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आग्नेय शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर विचरण नही करेगा। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र जैसे फर्सा, बल्लम, तलवार, भाला, चाकू, छूरा, कल्हाणी, बर्छी, त्रिशूल, लाठी इत्यादि लेकर नहीं निकलेगा एवं न ही उपयोग एवं प्रदर्शन कर सकेगा। सार्वजनिक स्थल पर पटाखा एवं अन्य विस्फोटक सामग्री ज्वलनशील पदार्थ, मशाल आदि का उपयोग/प्रदर्शन नहीं कर सकेगा। जिले की सीमा में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति संबंधित थाने में सूचना देगा अनिवार्य होगा। मकान स्वामी उनके किरायेदारों की संपूर्ण जानकारी संबंधित थाने में देंगे। किसी भी शासकीय/अशासकीय भवन, परिसर अथवा परिसंपत्ति पर अप्राधिकृत रूप से अथवा बिना परिसर के स्वामी के लिखित अनुमति के किसी व्यक्ति राजनैतिक दल/अभ्यर्थी द्वारा राजनैतिक प्रचार संबंधी बैनर, पोस्टर इत्यादि लगाकर संपत्ति को विरूपित नहीं किया जायेगा। बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के शसकीय उच्च विश्राम गृह, डाक बगला अथवा उपरोक्त किसी शासकीय आवासीय परिसर का उपयोग राजनैतिक प्रयोजन हेतु नहीं किया जायेगा। आदेश का उल्लंघन धारा-223 भारतीय न्याय संहिता 2023 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833